


RNI.No. — GUJHIN/2012/45192

# सूरत भूमि

हिन्दी दैनिक

संपादक : संजय आर. मिश्रा

श्री 1008 महामंडलेश्वर
श्री स्वामी रामानंद दासजी महाराज
श्री रामानंद दास अन्नक्षेत्र सेवा ट्रस्ट, तपोवन आश्रम



स्व. पं. पू.1008 श्री रामानन्द जी
तपोवन मंदिर, मोरा गांव, सूरत

वर्ष-12 अंक:200 ता. 25 जनवरी 2024, गुरूवार , कार्यालय:114, न्यु प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेंट, डिंडोली, डिंडोली, उधना सूरत ( गुजरात ) मो. 9327667842, 9825646069 पृष्ठ: 8 कीमत: 2:00 रुपये

ho@suratbhumi.com /Suratbhumi.com /Suratbhumi /Suratbhumi /Suratbhumi /Suratbhumi


## आज का सुविचार

जिंदगी एक आईने की तरह है,
यह तभी मुस्कुराएगी
जब आप मुस्कुराओगे।

# दिल्ली-यूपी सहित 5 राज्यों में ठंड का रेड अलर्ट

## बिहार में ठंड से स्कूली बच्चे की मौत, अपर सचिव समेत 3 अफसरों पर एफआईआर



नई दिल्ली। देश के 17 राज्य ठंड और घने कोहरे की चपेट में हैं। दिल्ली, वढ, पंजाब, हरियाणा और बिहार में कोल्ड डे की स्थिति है। यहां गुरुवार को भीषण ठंड को लेकर रेड अलर्ट है। क्टऊने बताया कि इन 5 राज्यों में 29 जनवरी तक ठंड से राहत की उम्मीद नहीं है। मध्य प्रदेश और राजस्थान में भी कोल्ड डे की स्थिति है। यहां अगले 2 दिन तेज सर्दी पड़ने का अनुमान है। बुधवार (24 जनवरी) को MP के कई शहरों का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री से कम दर्ज किया गया। कल (24 जनवरी) पचमढ़ी में तापमान 3 डिग्री, सतना में 3.9 डिग्री, खजुराहो में 3.4 डिग्री रहा। हिमाचल प्रदेश में अगले 5 दिनों तक बारिश और बर्फबारी होने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार, 25 से 27 जनवरी तक प्रदेश के अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होगी। 28 और 29 जनवरी को ज्यादा क्षेत्रों के साथ साथ मध्यम ऊंचाई वाले इलाकों में भी बारिश-बर्फबारी की संभावना है। वहीं बिहार में कड़ाके की ठंड में सकूल खुले हुए हैं। ठंड की चपेट में आने से मुजफ्फरपुर के बोंचहा में छठी कक्षा के छात्र मो. कुर्बान की मौत की बात सामने आई है। मामले में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक, शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव और जिला शिक्षा पदाधिकारी अजय कुमार सिंह पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज हुआ है। प्राइवेट वेदर एजेंसी स्काईमेट के मुताबिक, 25 जनवरी को पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में कोल्ड डे से लेकर सीवियर कोल्ड डे की स्थिति बन सकती है।

# असम से बंगाल में दाखिल हुई भारत जोड़ो न्याय यात्रा



**नई दिल्ली।** राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा गुरुवार को असम के धुबरी से आगे बढ़ी। असम में यात्रा का आज आखिरी दिन है। मंगलवार को गुवाहाटी में पुलिस से हुई कांग्रेस कार्यकताओं की झड़प और राहुल गांधी पर एफआईआर के खिलाफ कांग्रेस नेताओं ने तीखा हमला बोला है। कांग्रेस सांसद अब्दुल खालेक ने कहा कि 'अगर उनमें (हिमंत बिस्व सरमा) हिम्मत है तो गिरफ्तार करके दिखाएं। अभी करके दिखाएं। लोकसभा चुनाव के बाद क्यों गिरफ्तार करना है। वह पुलिस को अपने फायदे के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं।' कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने कहा 'उन्हें एफआईआर करने दीजिए। हम अपनी यात्रा जारी रखेंगे। उन्हें देश को धर्म और भाषा के आधार पर बांटने दीजिए। हम देश को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के जरिए साथ लाते रहेंगे। वह (असम सीएम) सबसे भ्रष्ट सीएम हैं और उनसे यही सब कहे जाने की उम्मीद है।' भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत राहुल गांधी धुबरी के हालाकुरा गांव में एक चाय की दुकान पर रुके। इस दौरान वह पार्टी नेताओं के साथ आगे की रणनीति बनाते दिखे। चाय दुकान के मालिक ने राहुल गांधी के उसकी दुकान पर रुकने पर खुशी जताई और कहा कि उसे बहुत खुशी हुई है। असम सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने अपने बयान में कहा है कि 'उनका मकसद असम को अस्थिर करना है। अब वह न्याय यात्रा ढुबरी में निकालना चाहते हैं। निकालने दीजिए, मुझे कोई आपत्ति नहीं है। हम उन्हें लोकसभा चुनाव के बाद गिरफ्तार करेंगे।

## दस रुपये के सिक्के को लेकर विवाद में चले लाठी-डंडे



**चंदौसी ।** पसरट्टा बाजार में सड़क पर मिले दस के सिक्के को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों से सात लोगों को हिरासत में लिया है। युवक ने दूसरे पक्ष पर तेजाब फेंकने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। साथ ही कार्रवाई की बात कही है। बहजोई के आदमपुर निवासी युवक सुमित चंदौसी के सुपर मार्केट में एक दुकान पर काम करता है। वह बृहस्पतिवार की सुबह दुकान पर जा रहा था। पसरट्टा बाजार में बडे.हलवाई के समीप उसे सड़क पर दस का सिक्का पड़ा दिखाई दिया। युवक ने साइकिल से उतरकर सिक्का उठा लिया। सामने चाय की दुकान पर बैठे दुकानदार कुंदन ने वह सिक्का अपना बताया। साथ ही युवक से सिक्का वापस करने के लिए कहा। जिस पर दोनों के बीच कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। युवक ने फोन कर अपने परिवार के लोगों को बुला लिया। वहां पहुंचे युवक के परिजनों ने दुकानदार के साथ मारपीट कर दी। इसी बीच थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों से सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया। युवक ने दुकानदार पर तेजाब फेंकने का आरोप लगाया। वहीं दुकानदार से युवक पर गाली गलौज और मारपीट करने का आरोप लगाया। पुलिस दोनों पक्षों से पूछताछ कर रही है।

# सीएम योगी ने गणतंत्र दिवस को लेकर दिए निर्देश

## बोले, विद्वेष फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करें





**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के मौके पर अराजक तत्व माहौल खराब करने का प्रयास कर सकते हैं। इस दौरान किसी गीत-संगीत और नारेबाजी से किसी की धार्मिक भावनाओं का अपमान नहीं होना चाहिए। यदि कोई विद्वेष फैलाने का प्रयास करता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्रवाई की जाएगी। डीजीपी विजय कुमार ने गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त करने के निर्देश मातहतों को दिए। उन्होंने संवेदनशील एवं अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा निर्धारित एसओपी के मुताबिक सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही सभी कमिश्नरेट व जिलों में नियमित रूप से प्रातकालीन पोस्टर पार्टी का गठन कर चेकिंग कराने के निर्देश दिए, ताकि असामाजिक तत्व सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने का प्रयास न कर सकें। डीजीपी ने गणतंत्र दिवस के आयोजनों की अचूक सुरक्षा व्यवस्था के लिए समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं पुलिस बल को उच्च सतर्कता बरतने को कहा। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्राओं की समुचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य को बड़ी राहत



**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य पर हिंदुओं की आस्था को आहत करने का आरोप है। इसी बीच रामचरितमानस पर विवादित टिप्पणी के बाद कठोर अदालती कार्यवाही की आशंका से घिरे मौर्य को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली। शीर्ष अदालत ने गुरुवार को मौर्य के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही पर रोक लगा दी है। अदालत ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने सवाल किया कि यह इतना संवेदनशील मुद्दा क्यों है, जिसमें बयान के आधार पर आपराधिक कार्यवाही की अपील की जा रही है।

# शाहजहांपुर में दर्दनाक सड़क हादसा, 12 की मौत

## टेंपो को टक्कर लगी तो 6 लोग उछलकर गिरे, टैंकर ने कुचल दिया



**वाराणसी।** ज्ञानवापी परिसर की सीलबंद सर्वे रिपोर्ट को लेकर जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने बुधवार को फैसला सुनाया। जिला जज ने सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक करने का आदेश दिया है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने पहले ही रिपोर्ट अदालत में दाखिल की थी।हिंदू पक्ष का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा आज अदालत ने दोनों पक्षों को सुना और सहमति बनी कि ASI की रिपोर्ट की हार्ड कॉपी दोनों पक्षों को दी जाएगी। ASI ई-मेल के माध्यम से रिपोर्ट देने पर आपत्ति जता रही थी, इसलिए दोनों पक्ष रिपोर्ट की हार्ड कॉपी प्राप्त करने पर सहमत हुए। नकल के लिए पक्षकार कोर्ट में आवेदन देंगे। मां श्रृंगार गौरी केस की वादिनी सीता साहू, रेखा पाठक, मंजू व्यास और लक्ष्मी देवी की तरफ से सर्वे रिपोर्ट की प्रति दिए जाने का अनुरोध अदालत से किया गया था।

वादिनी महिलाओं का कहना था कि यह जनहित का मुद्दा है। इसे गोपनीय बनाकर हौव्वा बनाया जा रहा है। हिंदू पक्ष की ही एक अन्य वादिनी राखी सिंह का कहना था कि अदालत में दाखिल रिपोर्ट के अध्ययन का अधिकार वादी पक्ष को है। वहीं, अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी का कहना है कि यदि सर्वे रिपोर्ट वादिनी महिलाओं को दी जाती है तो उन्हें भी उपलब्ध कराई जाए। उधर, एएसआई का कहना है कि जब तक प्राचीन मूर्ति स्वयंभू ज्योतिर्लिंग लॉर्ड विश्वेश्वरनाथ के मुकदमे में ज्ञानवापी सर्वे की रिपोर्ट की प्रति वह दाखिल न कर दे, तब तक उसे सार्वजनिक न किया जाए।

# मोदी बोले: पहले की सरकारों ने शासकों जैसा बर्ताव किया

## समाज को बांटकर सत्ता पाई; मौसम खराब था तो दिल्ली से बुलंदशहर कार से पहुंचे



**संवाददाता**

**बुलन्दशहर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार 25 जनवरी को बुलंदशहर में जनसभा की। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों ने शासकों जैसा बर्ताव किया। जनता को अभाव में रखा और समाज को बांटकर सत्ता पाते रहे। मौसम खराब होने के चलते पीएम ने दिल्ली से बुलंदशहर का 90 किमी का सफर कार से तय किया। पीएम ने यहां 20 हजार करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण और शिलान्यास किया। करीब 30 मिनट के भाषण में पीएम ने यूपी के पूर्व सीएम कल्याण सिंह को भी याद किया। उन्होंने कहा, इस क्षेत्र ने देश को कल्याण सिंह जैसा सपूत दिया। जिन्होंने रामकाज और राष्ट्रकाज दोनों के लिए अपना जीवन समर्पित किया। आज वो जहां हैं, अयोध्या धाम को देखकर आनंदित हो रहे होंगे। ये हमारा सौभाग्य है कि देश ने कल्याण सिंह और उनके जैसे अनेक लोगों का सपना पूरा किया है। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के 3 दिन बाद पीएम का यह उत्तर प्रदेश में पहला दौरा था। पीएम के साथ मंच पर सीएम योगी और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी मौजूद रहे। योगी ने जनसभा से कहा कि आपका स्नेह प्रधानमंत्री को मौसम की विपरीत स्थिति में दिल्ली से बाई रोड ले आया। आपने ऐसा कोई प्रधानमंत्री नहीं देखा होगा। कल्याण सिंह को राम मंदिर आंदोलन के पुरोधा के तौर पर जाना जाता है। बुलंदशहर उनका गृह जिला है। उन्होंने रामकाज और राष्ट्रकाज के लिए जीवन समर्पित किया। इसके अलावा पीएम ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा, राष्ट्र प्रतिष्ठा, देव से देश के मार्ग का जिक्र किया। हमारा लक्ष्य साल-2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। पीएम ने कहा कि कुछ मीडिया वाले चला रहे थे कि मोदी चुनाव का बिगुल फूंकेगा। मोदी तो विकास का बिगुल फूंकता रहता है। मोदी तो समाज के आखिरी व्यक्ति के कल्याण के लिए बिगुल फूंकता रहता है। मोदी को न आज और न ही पहले चुनाव बिगुल फूंकने की जरूरत थी। मोदी के लिए तो जनता जनार्दन बिगुल फूंकती रहती है। मोदी बिना भेदभाव के हर जरूरतमंद तक तेजी से पहुंचना चाहता है। आजादी के बाद लंबे समय तक कोई गरीबी हटाओ का नारा देता रहा, कोई सामाजिक न्याय के नाम पर झूठ बोलता रहा। लेकिन देश के गरीबों ने देखा कि सिर्फ कुछ परिवारों के घर अमीरी आई। कुछ ही परिवारों की राजनीति फली-फूली। गरीब-पिछड़े तो अपराधियों और दंगों से सहमे हुए थे। अब देश में स्थितियां बदल रही हैं। पहले लंबे समय तक यहां सरकार चलाने वालों ने शासकों की तरह बर्ताव किया। जनता को अभाव में रखने और समाज में बंटवारे का रास्ता उनके लिए सत्ता पाने का सबसे सरल माध्यम था। इसकी कीमत उत्तर प्रदेश की अनेक पीढ़ियों ने भुगती। देश को भी इसका बहुत बड़ा नुकसान हुआ।

# दसवीं की बोर्ड परीक्षाओं के समय में बदलाव करने से हाईकोर्ट का इनकार



कलकत्ता। हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल बोर्ड के उस फैसले में दखल देने से इनकार कर दिया है, जिसमें बोर्ड ने दसवीं की परीक्षाओं के समय में बदलाव कर दिया था। कोर्ट ने कहा कि परीक्षा से महज एक हफ्ते पहले परीक्षा के समय में बदलाव से परीक्षा की तैयारियां प्रभावित हो सकती हैं। पश्चिम बंगाल में माध्यमिक परीक्षाएं 2 फरवरी से शुरू होने जा रही हैं। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान राज्य सरकार और बंगाल बोर्ड की तरफ से पेश हुए वकील ने बताया कि परीक्षा के दौरान स्थानीय प्रशासन द्वारा छात्रों को परिवहन संबंधी मदद दी जाएगी। साथ ही परीक्षा संबंधी अन्य सभी तैयारियां भी पूरी हो चुकी हैं। इस पर जस्टिस बिस्वजीत बसु ने कहा कि 'अब परीक्षा के समय में कोई भी बदलाव परीक्षा की तैयारियों पर विपरीत असर डाल सकता है। ऐसे में कोर्ट परीक्षा के समय में बदलाव में कोई दखल नहीं दे रहा। हालांकि कोर्ट ने बोर्ड और राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह ये सुनिश्चित करें कि छात्रों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए।' कोर्ट ने निर्देश दिया कि सभी जिलों में पर्याप्त हेल्पलाइन नंबर शुरू किए जाएं। निदेशों में कहा गया है कि अगर किसी भी छात्र को परीक्षा स्थल पहुंचने में कोई भी परेशानी होती है तो बोर्ड पहले से ही इसके लिए इंतजाम करके रखें।

# हैदराबाद में महिला पुलिसकर्मी ने बाल पकड़कर छात्रा को घसीटा



**हैदराबाद।** हैदराबाद में तेलंगाना हाईकोर्ट के निर्माण के लिए कृषि विश्वविद्यालय की जमीन के आवंटन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान स्कूटी पर सवार एक पुलिसकर्मी ने एक छात्रा का पीछा किया और उसके बाल खींचे। यह वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया ।वीडियो में दिख रहा है कि स्कूटी पर सवार दो महिला पुलिसकर्मी एक युवती प्रदर्शनकारी का पीछा कर रही हैं और पीछे बैठी महिला उसके बाल पकड़कर खींच रही है, जिससे लड़की नीचे गिर जाती है और दर्द से रोने लगती है। यह घटना प्रोफेसर जयशंकर तेलंगाना राज्य कृषि विश्वविद्यालय के परिसर में हाईकोर्ट के निर्माण के लिए विश्वविद्यालय की भूमि के आवंटन के खिलाफ एक छात्र समूह के विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई। इस वीडियो से लोगों में आक्रोश फैल गया। विपक्षी बीआरएस और भाजपा ने घटना की निंदा की है और इसमें शामिल पुलिसकर्मियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की है। साइबराबाद पुलिस ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं। पुलिस आयुक्तालय के एक बयान के अनुसार, साइबराबाद पुलिस के संज्ञान में कुछ पुलिसकर्मियों द्वारा अनुचित कार्रवाई का एक वीडियो आया है। इसमें कहा गया, "मामले में उचित कार्रवाई करने के लिए विस्तृत जांच की जा रही है।"

# फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने जयपुर के आमेर किले में भारतीय छात्रों के साथ की जमकर बातचीत



जयपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मिलने जयपुर पहुंच चुके हैं। मैक्रों पहले ही जयपुर आ चुके हैं और आमेर किले का दौरा कर रहे थे। बाद में, दोनों नेता शाम को होटल रामबाग पैलेस में बैठक करने से पहले जंतर-मंतर से हवा महल तक एक रोड शो में हिस्सा लेंगे।फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने जयपुर के आमेर किले में भारतीय छात्रों के साथ बातचीत की। न्यूज एजेंसी के अनुसार, पीएम मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों आज जयपुर में महाराजा सवाई जय सिंह द्वारा स्थापित प्रसिद्ध सौर वेधशाला जंतर मंतर का दौरा करेंगे। इसे जुलाई 2010 में यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया था। इसमें अठारह उपकरणों का एक सेट शामिल है और यह दुनिया की सबसे बड़ी पत्थर वेधशाला है। इसमें विभिन्न उपकरण शामिल हैं जिनमें लघु सम्राट यंत्र शामिल है जो एक सन डायल है जो स्थानीय समय को 20 सेकंड की सटीकता से कैलिब्रेट करने में मदद कर सकता है। बता दें कि राष्ट्रपति मैक्रों भारत की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भारत की अपनी दो दिवसीय राजकीय यात्रा के तहत जयपुर पहुंचे। जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर पहुंचने पर विदेश मंत्री एस जयशंकर, राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने उनका स्वागत किया। मैक्रों गणतंत्र दिवस परेड में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मैक्रों जयपुर में मशहूर आमेर कोर्ट को देखने जाएंगे। उनके सम्मान में वहां एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों राजस्थान के जयपुर में आमेर किले पहुंचे हैं। उनके स्वागत के लिए वहां इकट्ठा हुए स्कूली छात्रों से मुलाकात की। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और राजस्थान की डिप्टी सीएम दीया कुमारी भी मौजूद हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने जयपुर के आमेर किले में राजस्थानी चित्रकला कला की सराहना की, कलाकारों से बातचीत की।

## भीषण हादसा–कंटेनर की टक्कर से 12 श्रद्धालुओं की मौत

शाहजहांपुर ।यूपी के शाहजहांपुर जिले के थाना मदनापुर क्षेत्र के गांव दमगड़ा से गंगा स्नान करने के लिए जा रहे श्रद्धालुओं के ऑटो को कंटेनर ने टक्कर मार दी। भीषण सड़क हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई।हादसा बृहस्पतिवार सुबह करीब 10 :30 बजे अल्हागंज के गांव सुगसुगी के पास बरेली–फर्रुखाबाद हाईवे पर हुआ। हादसे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। एक्स पर लिखा–'प्रभु श्री राम दिवंगत आत्माओं को शांति व शोकाकुल परिजनों को यह दु :ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।'बताया जा रहा है कि ऑटो में 12 लोग सवार थे। हादसे में ऑटो चालक समेत सभी मौत हो गई। हादसे के बाद कंटेनर चालक फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद डीएम उमेश प्रताप सिंह, एसपी अशोक कुमार मीणा और जलालाबाद विधायक हरिप्रकाश वर्मा मौके पर पहुंचे। घटना के संबंध में ग्रामीणों से जानकारी की।पुलिस ने कंटेनर को कब्जे में लेकर घटना की जांच शुरू कर दी है। हादसे में दमगड़ा गांव के लालाराम (50) और उनके भाई पुत्तूलाल (40), सियाराम (42) और उनके भाई सुरेश (30), अनंतराम (35) उनकी मां राजरानी उर्फ बसंता (55), पोथीराम (45), लंकुश (50), मनीराम (40), लहसुना गांव की मेघवती (70) और उनके पौत्र राहुल (12), रामलली (65) की मौत हुई है।जानकारी के मुताबिक गांव दमगड़ा के लोग ऑटो से गंगा स्नान करने फर्रुखाबाद के पांचाल घाट जा रहे थे।अल्हागंज के गांव सुगसुगी के पास बरेली–फर्रुखाबाद हाईवे पर सामने से आ रहे कंटेनर ने ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। उसमें सवार 12 श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई। मरने वालों में आठ पुरुष, तीन महिलाएं और एक बच्चा है।एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि कंटेनर की टक्कर के बाद ऑटो में सवार पांच–छह लोग सड़क पर गिर गए थे।इनकी जान बच सकती थी, लेकिन कंटेनर चालक ने हादसे के बाद घायलों को रौंद दिया। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बताया कि पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।कंटेनर को कब्जे में ले लिया है।चालक के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

## दिल्ली आने वाली फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली। विमानन कंपनी स्पाइसजेट को बुधवार को दरभंगा–दिल्ली उड़ान के लिए बम की धमकी वाली कॉल मिली जो बाद में अफवाह निकली। 200 से अधिक यात्रियों वाले इस विमान को सुरक्षित रूप से राष्ट्रीय राजधानी में हवाई अड्डे पर उतर गया।अधिकारियों ने यह जानकारी दी।एयरलाइन के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा,स्पाइसजेट आरक्षण कार्यालय को दरभंगा से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाले विमान एसजी 8496 में बम होने की सूचना मिली।विमान को शाम छह बजे दिल्ली हवाई अड्डे पर सुरक्षित रूप से उतरा गया और उसे अलग स्थान पर ले जाया गया ।हवाईअड्डे के एक सूत्र ने बताया कि शाम को हवाईअड्डे पर स्पाइसजेट विमान के लिए पूर्ण आपातकाल घोषित कर दिया गया। विमान में करीब 210 यात्री सवार थे।दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि जांच के बाद पता चला कि यह धमकी फर्जी थी।

## डिंडोरी जिला बना 'कश्मीर', ठंड इतनी की जम गई बर्फ

डिंडोरी।मध्य प्रदेश के डिंडोरी जिले में इतनी ठंड पड़ रही है कि यहां बर्फ की चादर जम गई। लोग बता रहे हैं कि यहां कश्मीर की तरह नजारा दिखने लगा है। यहां कड़ाके की ठंड का असर देखने को मिला है।मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह यानी 24 जनवरी को घर के बाहर खड़े चार पहिया वाहनों में बर्फ जमी देखी गई।इस साल पहली बार बर्फ जमने के साथ तेज ठंड देखने को मिल रही है। ?डिंडोरी के तापमान की बात करें तो यहां 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। इसके साथ ही अमरकंटक से लगे क्षेत्रों में लगातार तापमान में गिरावट देखने को मिल रही है। यहां न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।सर्दी के कारण प्रदेश का आदिवासी जिला डिंडोरी कश्मीर की तरह नजर आ रहा है। डिंडोरी शहर में वाहनों की छत में बर्फ की चादर देखी गई, जिसका लोगों ने आनंद लेते हुए हाथों में इकट्ठा किया। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश सहित पूरे प्रदेश में ठंड अपनी चरम पर है। कोल्ड डे का असर लगातार बना हुआ है।वहीं गाड़ासरई में सुबह 4 से 6 बजे के बीच वाहनों के ऊपर सफेद बर्फ की परत जम गई।यहां पर तापमान 3 से 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

## मालदीव से सैनिकों की वापसी पर नौसेना के चीफ एडमिरल का बयान, आदेश नहीं आया

नई दिल्ली ।भारत और मालदीव के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। नई सरकार के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू भारतीय सेना को अपने देश से जाने का आदेश दे चुके हैं।इन बातों को दो सप्ताह से अधिक का वक्त बीत चुका है, लेकिन अभी भी भारतीय सेना की तैनाती मालदीव में है। वहीं भारतीय नौसेना के चीफ एडमिरल आर. हरि कुमार की तरफ से अहम जानकारी सामने आई। एडमिरल कुमार ने कहा कि भारत सरकार ने माले के अनुरोध के बाद अपने रक्षा कर्मियों को मालदीव से हटने के लिए नहीं कहा है।मालदीव से रक्षा कर्मियों की वापसी के बारे में पूछने पर कुमार ने कहा, हम निर्देशों का इंतजार कर रहे हैं, चाहे जो भी फैसला हो।बता दें कि इस वक्त मालदीव में लगभग 80 भारतीय सैनिकों मौजूद हैं।इसके अलावा भारतीय सेना से जुड़े 12 मेडिकल कर्मी भी वहां पर हैं। पिछले साल मालदीव में हुए चुनाव के दौरान राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू अपने भारत विरोधी एजेंडे के दम पर जीत दर्ज करने में सफल रहे थे।इससे पहले पिछली सरकार के दौरान मालदीव की नीति भारत पहले वाली थी। मुइज्जू ने 15 मार्च तक भारतीय सैनिकों की वापसी के लिए कहा है।इसके बाद से ही दोनों देशों के संबंध तनावपूर्ण हैं।

## गणतंत्र परेड में दिल्ली पुलिस दल का नेतृत्व करेंगी महिला टुकड़ीयार

नई दिल्ली ।गणतंत्र दिवस की परेड में दिल्ली पुलिस की सभी महिला टुकडियां हिस्सा लेकर नेतृत्व करेंगी। आईपीएस श्वेता के.सुगाथन 2023 के बाद फिर दिल्ली पुलिस दल का नेतृत्व करेंगी।वह आईपीएस किरण बेदी के बाद दिल्ली पुलिस दल का नेतृत्व करने वाली दूसरी महिला हैं। दिल्ली पुलिस ने कहा है कि यहां उल्लेख करना उचित है कि 57 वर्षीय पुलिस अधिकारी एसआई किरण सेठी बैंड दल में मार्गदर्शक के रूप में शामिल होने के साथ ही सबसे भारी बैंड वाद्ययंत्र ले जाने के लिए स्वेच्छा से भाग लेंगी। इतिहास में यह पहली बार है कि दिल्ली पुलिस गणतंत्र दिवस परेड में अपनी पूरी तरह से महिला परेड और बैंड दल के साथ भाग ले रही है।परेड के लिए महिला स्टाफ का चयन पिछले वर्ष अप्रैल में शुरू हुआ और 350 महिला स्टाफ का चयन करने के बाद अक्टूबर तक प्रत्येक शुक्रवार को अभ्यास किया गया। इसके बाद नवंबर से मुख्य ड्रिल प्रशिक्षक इंस्पेक्टर बिशन दास ठाकुर के मार्गदर्शन में नियमित रूप से परेड अभ्यास किया गया, जो पिछले 36 वर्षों से परेड टुकड़ियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं।

## न्यायमूर्ति वराले ने ली सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश पद की शपथ

नई दिल्ली, ।कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश प्रसन्ना भालचंद्र वराले ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के पद की शपथ ली। शीर्ष अदालत में आयोजित समारोह में मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने न्यायमूर्ति वराले को शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के पद की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति वराले के पदग्रहण के साथ ही शीर्ष अदालत में न्यायाधीश के लिए स्वीकृत 34 न्यायाधीशों की संख्या पूरी हो गई। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल के 25 दिसंबर 2023 को सेवानिवृत्त होने के बाद सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीश का एक पद खाली हुआ था। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के न्याय विभाग की ओर से 24 जनवरी 2024 को एक अधिसूचना जारी कर न्यायमूर्ति वराले की नियुक्ति से संबंधित घोषणा की गई थी।न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली कॉलेजियम ने 19 जनवरी 2024 को न्यायमूर्ति वराले को शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत करने की सिफारिश की थी।मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस की कॉलेजियम ने बैठक में यह फैसला लिया था। न्यायमूर्ति वराले (मूल रूप से बॉम्बे उच्च न्यायालय से हैं) उच्च न्यायालयों में सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश थे। वह देशभर के उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों में से अनुसूचित जाति से संबंधित एकमात्र मुख्य न्यायाधीश थे।उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की संयुक्त अखिल भारतीय वरिष्ठता क्रम में वह छठवें स्थान पर थे। बंबई उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की वरिष्ठता में वह सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश थे।

# बदल गया भारत... हथियारों को आयात करने की जगह निर्यात कर रहा

### –ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों का ग्राउंड सिस्टम एक्सपोर्ट होगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत दुनिया में मेडिकल उपकरण, राशन सहित तमाम चीजों के निर्यात के बाद अब ब्रह्मोस मिसाइलों जैसे उत्कृष्ट हथियार सिस्टम भी बेचने को तैयार है। डीआरडीओ के चेयरमैन डॉ. समीर वी. कामत ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि भारत अगले 10 दिनों में ही ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों का ग्राउंड सिस्टम एक्सपोर्ट करना शुरू करेगा। इसके बाद क्रूज मिसाइलों का भी निर्यात इसी साल मार्च से शुरू होना है। उन्होंने बताया कि हमारे द्वारा फिलीपींस को कई हथियार एक्सपोर्ट किए हैं। अब कुछ और देश भी इसके निर्यात की मांग कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि 10 दिनों के अंदर ही ब्रह्मोस का ग्राउंड सिस्टम फिलीपींस भेज दिया जाएगा। इसके बाद मार्च तक मिसाइलें भी भेजी जाएगी। डॉ.कामत ने कहा, करीब 4.94 लाख करोड़ रुपये के डीआरडीओ के उत्पादों के लिए रुचि दिखाई गई है। पहले के मुकाबले हमें कहीं ज्यादा ऑर्डर मिले हैं और तेजी से प्रोग्रेस हो रही है। बीते 5 सालों के मुकाबले तेजी से इस संख्या में इजाफा हुआ है। मेरा अनुमान है कि अब तक हुए कुल एक्सपोर्ट में से करीब 70 फीसदी हथियार पिछले 5 से 7 सालों में ही निर्यात किए गए हैं। साथ ही आकाश मिसाइलें, अर्जुन टैंक, लाइट एयरक्राफ्ट जैसे तमाम रक्षा उपकरणों को भी निर्यात किया जाएगा। इनके लिए भी कई देशों ने दिलचस्पी दिखाई है। गौरतलब है कि भारत पहले ही अर्मेनिया जैसे देशों को हथियार निर्यात कर रहा है। यह




भारत के रक्षा क्षेत्र के लिए बड़ी छलांग की तरह है, जो अब तक अपनी जरूरतों के लिए भी आयात करता था। अब उसके उलट बड़े पैमाने पर एक्सपोर्ट करना सफलता है।

बता दें कि भारत ने 2023 में भी डिफेंस एक्सपोर्ट में सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। भारत ने दुनिया के देशों को करीब 16 हजार करोड़ रुपये की कीमत के हथियार बेचे थे। यह अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा था। इससे पहले 2022 में भी 13 हजार करोड़ रुपये के हथियारों का सौदा हुआ था। भारत में डिफेंस प्रोडक्शन भी ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गया है। आंकड़ों के मुताबिक भारत में पहली बार 1 लाख करोड़ रुपये का डिफेंस प्रोडक्शन हुआ है।

## झारखंड में लालू ने फंसाया पेंच, बिखर सकता है महागठबंधन



रांची। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) राज्य में अपनी मजबूत स्थिति बनाने की कोशिश में है।इसके लिए पार्टी के नेताओं ने चार संसदीय क्षेत्रों में अपनी गतिविधियों को बढ़ा दिया है। इनमें पलामू, चतरा, कोडरमा व गोड्डा लोकसभा सीट शामिल हैं।इन सीटों पर राजद ने लोकसभा चुनाव लड़ने की अपनी दावेदारी की है और इससे संबंधित रिपोर्ट पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को सौंपी है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, इस बार अगर राजद की सीटें नहीं बढ़ीं तो राजद महागठबंधन से छिटक सकता है। अगर पार्टी की मांगों पर सही तरीके से विचार नहीं हुआ, तो राजद अकेले भी चुनाव मैदान में उतर सकता है। 2019 के लोकसभा चुनाव में राजद को महागठबंधन में चुनाव लड़ने के लिए सिर्फ एक सीट मिला था। इस बार सीन अलग बताया जा रहा है। राजद झारखंड में मजबूत स्थिति हासिल करने की कोशिश कर रहा है।इधर, आइएनडीआइए गठबंधन में झारखंड में सीट शेयरिंग का पेंच फंसा हुआ है। महागठबंधन में शामिल दलों पर दबाव बनाने की तैयारी चल रही है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर महागठबंधन के सभी दल अपने–अपने तरीके से सीटों पर दावेदारी कर रहे हैं। 14 लोकसभा सीटों वाली झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने सात सीटों पर चुनाव लड़ने का दावा ठोका है तो कांग्रेस ने नौ सीटों पर दावेदारी की है।इसी बीच राजद ने भी अपना पत्ता खोलते हुए चार सीटों पर चुनाव लड़ने का दावा कर दिया है।

# चुनाव आयोग ने किया इंडिया गठबंधन से मिलने से इनकार, कांग्रेस ने बताया अन्याय

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव आयोग ने इंडिया गठबंधन के प्रतिनिधियों से मिलने से इनकार कर दिया है, इस पर कांग्रेस ने अन्याय बताते हुए अपनी प्रतिक्रिया दी है। जयराम रमेश ने कहा कि वीवीपीएटी और कुछ नहीं बल्कि वोटर-वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल है। निर्वाचन आयोग का लगातार मिलने से इनकार करना अन्याय है जो हमारे लोकतंत्र की बुनियाद पर हमला कर रहा है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के दिन निर्वाचन आयोग ने इंडिया गठबंधन पार्टियों के प्रतिनिधिमंडल से मिलने से इनकार कर दिया। कांग्रेस ने इसके लिए निर्वाचन आयोग की जमकर आलोचना की है। उन्होंने इसे अन्याय बताया है जो लोकतंत्र की बुनियाद को गहरा आघात पहुंचा रहा है। वहीं कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस अपने प्रतिनिधियों को चुनने की स्वतंत्रता का प्रयोग करके अपने भाग्य का निर्धारण करने की ताकत देता है। कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि हर साल निर्वाचन आयोग 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के तौर पर मनाता है। लेकिन, दुख की बात है कि इस स्वतंत्र संस्था इंडिया गठबंधन ने पार्टियों के नेताओं के प्रतिनिधिमंडल से मिलने से इनकार कर



दिया है। ये पार्टियां केवल मतदाताओं द्वारा वोट डालने पर वीवीपैट के अधिक से अधिक उपयोग पर अपनी बात रखना चाहते हैं।

जयराम रमेश ने आगे कहा कि वीवीपीएटी और कुछ नहीं बल्कि वोटर-वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल है। निर्वाचन आयोग का लगातार इनकार करना अन्याय है जो हमारे लोकतंत्र की बुनियाद पर हमला कर रहा है। मतदाता को यह जानने का पूरा अधिकार है कि उनका वोट सटीक तरीके से दर्ज किया गया है। जयराम रमेश ने पिछले साल 30 दिसंबर को निर्वाचन आयोग को चिट्ठी लिखी थी। उन्होंने निर्वाचन आयोग से इंडिया गठबंधन के प्रतिनिधियों को वीवीपैट पर्चियों पर अपने विचार रखने के लिए मिलने का अनुरोध किया था। हालांकि, इस दौरान निर्वाचन आयोग ने वीवीपैट पर जयराम रमेश की चिंताओं को सिरे से खारिज कर दिया था।

## नीतिश कुमार को लेकर पीएम मोदी, शाह और नड्डा के बीच हुई मीटिंग

### –फिर पलटी मारने को तैयार हो गए सुशासन बाबू

**अयोध्या (एजेंसी)।** नई दिल्ली (ईएमएस)। बिहार के घटनाक्रम पर रणनीति पर पीएम नरेंद्र मोदी, अमित शाह और बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा की बुधवार की रात मीटिंग हुई थी। केंद्र ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रसिद्ध समाजवादी नेता दिवंगत कर्पूरी ठाकुर को उनकी जयंती से एक दिन पहले देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'भारत रत्न' के लिए मनोनीत किया। इसके बाद से बिहार की राजनीति में भूचाल आ गया। बिहार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रसिद्ध समाजवादी नेता एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित करने के मोदी सरकार के निर्णय पर प्रसन्नता व्यक्त कर सही बताया।

जनता दल यूनाइटेड (जदयू) अध्यक्ष नीतीश ने कहा कि 'दिवंगत ठाकुर जी को उनकी 100वीं जयंती पर दिया जाने वाला ये सर्वोच्च सम्मान दलितों, वंचितों और उपेक्षित तबकों के बीच सकारात्मक भाव पैदा करेगा। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा से दिवंगत कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की मांग करता रहा हूं। कर्पूरी जी को दिए जाने वाले इस सम्मान से मुझे काफी खुशी मिली है और इसके साथ ही जदयू की वर्षों पुरानी मांग पूरी हुई है। कर्पूरी ठाकुर बिहार की राजनीति के वास्तविक 'जन नायक' या लोगों के नायक रहे हैं, जिनकी विरासत पर विचारधाराओं से परे सभी पार्टियां दावा करती रही हैं।

नीतीश की इंडिया अलायंस से बढ़ती दूरी की खबरों के बीच बिहार की राजनीति में लगातार हलचल है। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और वर्तमान भाजपा सांसद सुशील कुमार मोदी ने कहा है कि अगर पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व चाहता है कि नीतीश की एनडीए में प्रवेश हो, तब राज्य यूनिट फैसले को मानेगी। इसके साथ ही सुशील मोदी ने परिवारवाद को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दिए बयान को लेकर उनकी तारीफ की है। सुशील मोदी ने कहा कि परिवारवाद पर पहली बार नीतीश ने सही बात कही है।

## सरदार पटेल की मूर्ति को ट्रेक्टर से गिराया, दो गुटों में जमकर चले पत्थर

### –भीम आर्मी चाहती थी अंबेडकर की मू ?र्ति लगाना, पुलिस ने संभाला मोर्चा

**उज्जैन (एजेंसी)।** उज्जैन के पास माकड़ोन में सरदार पटेल की मूर्ति पर भीड़ ने हमला करके गिरा दिया है, वहीं दूसरा गुट वहां पर अंबेडकर की की प्रतिमा लगाना चाहता था। इसके बाद यहां जमकर पत्थर चल गए। मिली जानकारी के अनुसार सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर एक पक्ष ने हमला करके गिरा दिया जो यहां बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की मूर्ति लगाना चाहते थे। इसके बाद पटेल और आंबेडकर समर्थकों में जमकर बवाल मच गया। यहा पर बाद में पत्थरबाजी और आगजनी की गई। लेकिन सूचना मिलते ही पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया है। जानकारी के अनुसार उज्जैन जिले की तहसील माकड़ौन में सरदार वल्लभभाई पटेल की मूर्ति को ट्रैक्टर चला कर गिरा दिया गया। इसके बाद दो पक्ष आमने-सामने हो गए। इस दौरान दुकानों और वाहनों में भी तोड़फोड़ की गई। यहां पर हालात बिगड़ते देख उज्जैन एडिशनल एसपी नितेश भार्गव के साथ उज्जैन और तराना के साथ माकड़ौन पुलिस बल मौके पर पहुंचा। हालांकि दोनों पक्षों को समझाइश देने के बाद मामला शांत कराया है। हालात देखते हुए भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद है। यहां बुधवार सुबह भीम आर्मी ओर पाटीदार समाज के दो पक्ष आमने-सामने आ गए। एक पक्ष ने सदरा पटेल की मूर्ति पर ट्रैक्टर चढ़ाकर इसे तोड़ दिया। इस दौरान लोहे की रॉड और पत्थरों से भी हमला किया गया। इसके बाद दूसरा पक्ष भी टकराव के लिए पहुंच गया। दोनों पक्षों में जमकर पथराव और लाठियां चलने लगीं। उग्र भीड़ ने कई गाड़ियों में भी तोड़फोड़ कर दी जबकि कुछ गाड़ियां जला दीं। दरअसल बुधवार रात कुछ लोगों ने माकड़ोन मंडी गेट और बस स्टैंड के पास खाली पड़ी जमीन पर सरदार पटेल की मूर्ति स्थापित कर दी। दूसरे पक्ष के लोग यहां भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा लगाना चाहते थे।

# कुकी समुदाय को राज्य के बाहर करें वरना हम फैसला लेंगे मेतई




**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर में मैतई समुदाय एक बार फिर संगठित हो रहा है। चार वालंटियर की हत्या के बाद मैतई समुदाय के सशस्त्र संगठनों ने एक बैठक ली है। इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से नागा शांति वार्ता के लिए जो मध्यस्थ केंद्र सरकार ने भेजे थे। उनके सामने 4 मांगे प्रस्तुत की है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से न्याय शांति वार्ता के लिए एके मिश्रा, इंटेलिजेंस ब्यूरो के दो डायरेक्टर संदीप सिंह, राजेश कुंबले सहित 37 मैतई समुदाय के विधायक दो सांसद और केंद्रीय के राज्य मंत्री आर रंजन सिंह बैठक में मौजूद थे। इस बैठक में मेताई समुदाय ने चेतावनी देते हुए कहा है। जो चार मांग प्रस्तुत की गई हैं। 15 दिन के अंदर यदि उस पर कार्रवाई नहीं की गई, तो हम आगे का फैसला स्वयं कर लेंगे।

जिस समय यह बैठक चल रही थी। उस समय किले के अंदर और बाहर 10000 से ज्यादा मैतई समुदाय के लोग एकत्रित थे। जो मांग पत्र सोपा गया है, उसमें मणिपुर के मुख्यमंत्री वीरेन सिंह और विधायकों के भी हस्ताक्षर हैं।

### मैतई समुदाय की 4 मांग

1 कुकी संगठनों के साथ केंद्र सरकार जो बातचीत कर रही है उसे तुरंत बंद किया जाए।

2 मणिपुर में म्यांमार से घुसे लोगों को मणिपुर से बाहर निकला जाए। कुकी समुदाय के लोगों को मिजोरम भेजा जाए। बॉर्डर को सील किया जाए।

बाहरियों को मणिपुर से बाहर निकला जाए।

3 मणिपुर में 1951 को आधार बनाकर एनआरसी लागू की जाए। ताकि 1951 के बाद आए हुए लोगों को मणिपुर से बाहर भेजा जा सके।

4 असम राइफल्स को मणिपुर से हटाने की मांग की गई है।

उल्लेखनीय है, कि 22 जनवरी को केंद्रीय प्रतिनिधिमंडल इंफाल पहुंच गया था। इन्होंने दो दिन मैतई समुदाय के प्रतिनिधियों से बात की है। मैतई समुदाय के संगठनों का कहना है,राज्य में बार-बार केंद्र द्वारा जो दखल दिया जा रहा है। उसे हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस बैठक में 39 बड़े मैतई नेता भी पहुंचे थे। इस बैठक के बाद लगता है कि समझौते की कोई गुंजाइश नहीं है। दोनों समुदायों के बीच में भारी टकराव बना हुआ है।

# छत्तीसगढ़ राज्य में 77 लाख राशन कार्डों का होगा नवीनीकरण

**रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीगढ़ राज्य में 77 लाख राशन कार्डों का नवीनीकरण करने जिला कलेक्टर्स को निर्देश दिए गए हैं। अब नए मोबाइल एप से भी राशन कार्ड जुड़ जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार राज्य की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने जनवितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत राज्य में जारी सभी 77 लाख राशनकार्ड के नवीनीकरण के लिए अभियान शुरु कर दिया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि अभियान 29 फरवरी को समाप्त होगा और इस संबंध में सभी जिला कलेक्टर को विस्तृत निर्देश जारी किए गए हैं। इस उद्देश्य के लिए राज्य के खाद्य विभाग द्वारा एक नया मोबाइल ऐप विकसित किया गया है। राशनकार्ड धारक इस ऐप को अपने मोबाइल फोन में डाउनलोड कर सकते हैं और ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐप को खाद्य विभाग की वेबसाइट से भी डाउनलोड किया जा सकता है। इसके साथ ही जिन लाभार्थियों के पास स्मार्टफोन नहीं है या जहां मोबाइल संपर्क नहीं वे राशन कार्ड नवीनीकरण के लिए उचित मूल्य की दुकानों पर ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदन जमा कर सकेंगे।

इस संबंध में खाद्य विभाग के निदेशक ने सभी जिलों के कलेक्टर को मुद्रण और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का उपयोग करने और उचित मूल्य की दुकानों, ग्राम पंचायतों और स्थानीय स्तरों पर नवीनीकरण अभियान के बारे में पर्याप्त प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया है। जिन इलाकों में मोबाइल नेटवर्क की समस्या है, वहां पर नवीनीकरण में छूट देने की बात कही जा रही है। इसके अलावा कलेक्टर को निर्देश दिया गया है कि इस प्रक्रिया में बहुत बुजुर्ग और शारीरिक रूप से अक्षम लाभार्थियों को विशेष सुविधाएं दी जाएं। उन्होंने कहा कि अंत्योदय, प्राथमिकता, निराश्रित और दिव्यांग श्रेणी के राशन कार्ड धारकों के लिए नवीनीकरण की पूरी प्रक्रिया मुफ्त होगी जबकि सामान्य श्रेणी राशन कार्ड धारकों से 10 रुपये शुल्क वसूला जाएगा।



संक्षिप्त समाचार

## अमेरिका ने इराक में ईरान समर्थित मिलिशिया के 3 ठिकानों पर किए हमले



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने कहा कि उनकी सेना ने पिछले कुछ दिनों में इराक और सीरिया में अमेरिकी सैनिकों पर मिसाइल और ड्रोन हमलों के प्रतिशोध में मंगलवार को इराक में ईरान समर्थित एक मिलिशिया के तीन ठिकानों पर हमले किए। 'यूएस सेंट्रल कमांड ने बताया कि अमेरिका ने सीरियाई सीमा के समीप पश्चिमी इराक में मिलिशिया के ठिकानों पर हमले किए। ऑस्टिन ने एक बयान में कहा, ''राष्ट्रपति जो बाइडेन के निर्देश पर अमेरिकी सैन्य बलों ने इराक में ईरान समर्थित मिलिशिया समूह कतैब हिजबुल्ला और अन्य ईरान समर्थित समूहों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे तीन ठिकानों पर आवश्यक हमले किए। उन्होंने कहा, ''ये हमले ईरान समर्थित मिलिशिया द्वारा इराक और सीरिया में अमेरिका और गठबंधन देशों के सैनिकों के खिलाफ किए कई हमलों का सीधा जवाब है। ये हमले ऐसे वक्त में किए गए जब अमेरिका ने कहा कि चरमपंथियों ने अल-असद एयरबेस पर दो ड्रोन हमले किए जिसमें अमेरिकी सैनिक घायल हो गए और बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा। यूएस सेंट्रल कमांड ने बताया कि हमले में रॉकेट, मिसाइल के लिए भंडारगृह और प्रशिक्षण स्थलों तथा मिलिशिया की ड्रोन हमले की क्षमताओं को निशाना बनाया गया।

## महिला कर्मचारी को छुट्टी का बहाना बनाना पड़ गया महंगा



**मेलबर्न, एजेंसी।** नौकरी करते कर्मचारियों की इच्छा होती है कि वे एक लंबी छुट्टी लेकर घूमने निकल जाएं। कुछ ही कर्मचारियों का यह सपना पूरा होता है। लेकिन कई बार ऑफिस में जब छुट्टी न मिलने की स्थिति में अक्सर लोग तबीयत खराब का बहाना बना लेते हैं और घूमने के लिए निकल जाते है। सोचें अगर आपके सफर के दौरान आपकी मुलाकात बॉस से हो जाए तो आप ऐसी सिचुएशन में क्या करेंगे। शायद आप वहां से बचने की कोशिश करेंगे, ताकि आपका बॉस से सामना न हो और आपकी पोल न खुले। हालांकि ऐसा कई बार संभव नहीं होता। हाल ही में आस्ट्रेलिया से ऐसा एक मामला सामने आया है। लैला सोरेस नाम की इस महिला कर्मचारी ने खराब सेहत का हवाला देते हुए अपने ऑफिस में एक दिन की छुट्टी ली थी। जैसे ही वह फ्लाइट के अंदर पहुंची, अपने बॉस को पहले से बैठा देख महिला चौंक गई। महिला की किस्मत काफी अच्छी निकली और उसके बॉस से सामना नहीं हुआ। उन्होंने एक टिकटॉक वीडियो के जरिए अपनी कहानी शेयर की। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि फ्लाइट में एकदम से बॉस को देखकर हैरान हो गई और महिला को अहसास हुआ कि अगर उसके बॉस ने उसे देख लिया तो उसके सफेद झूठ का पर्दाफाश हो जाएगा।

## कनाडा ने यूक्रेन के लिए नए सैन्य दान की घोषणा की

**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री बिल ब्लेयर ने यूक्रेन के लिए नए सैन्य दान की घोषणा की है।



सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने नेशनल डिफेंस द्वारा मंगलवार को जारी एक समाचार विज्ञप्ति का हवाला देते हुए बताया कि इन दान में ज़ोडियाक हरिकेन टेक्नोलॉजीज की 10 बहु-उद्देशीय नावें शामिल हैं, जिनकी कीमत लगभग दो करोड़ कनाडाई डॉलर (करीब 1.486 करोड़ अमेरिकी डॉलर) है। ये मल्टी-इंजन रिजिड हल इन्फलेटेबल नावें खोज और बचाव, सेना और कार्गो परिवहन, निगरानी और टोही सहित विभिन्न समुद्री अभियानों में यूक्रेन की सहायता करेंगी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रत्येक नाव एक परिष्कृत सेंसर, नेविगेशन और संचार प्रणाली से लैस होगी, प्रशिक्षण के साथ इन नावों की डिलीवरी 2024 के वसंत के अंत तक पूरी होने की उम्मीद है। ब्लेयर ने आगे घोषणा की कि अगले महीने से यूक्रेन के सशस्त्र बलों के लिए एफ-16 प्रशिक्षण गठबंधन में कनाडा की सदस्यता के तहत कनाडा नागरिक प्रशिक्षक, विमान और सहायक कर्मचारी प्रदान करेगा। ये मॉन्ट्रियल स्थित टॉप एसेस इंक से अनुबंधित होंगे। डेनमार्क और फ्रांस भी यूक्रेन को एफ-16 लड़ाकू विमानों पर प्रशिक्षण उपलब्ध करा रहा है। इस सहायता का मूल्य लगभग 1.5 करोड़ कनाडाई डॉलर है। फरवरी 2022 से, कनाडा ने यूक्रेन को सैन्य सहायता में 2.4 अरब कनाडाई डॉलर से अधिक की प्रतिबद्धता जताई है। इसमें लेपर्ड 2 मुख्य युद्धक टैंक, एक बख्तरबंद रिकवरी वाहन, बख्तरबंद लड़ाकू समर्थन वाहन, एंटी-टैंक हथियार, छोटे हथियार, एम777 हॉवित्जर और संबंधित गोला-बारूद, उच्च-रिज़ॉल्यूशन वाले ड्रोन कैमरे, सर्दियों के कपड़े और अन्य शामिल हैं।

# न्यू हैम्पशायर के चुनाव में ट्रम्प ने हेली को हराया, रिपब्लिकन पार्टी से राष्ट्रपति उम्मीदवार बनने की रेस में आगे

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में इस साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टी में उम्मीदवारी के लिए इलेक्शन चल रहे हैं। इस दौरान बुधवार सुबह (भारतीय समयानुसार) न्यू हैम्पशायर राज्य के चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने जीत दर्ज की है।

न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, वोट की गिनती पूरी होने से पहले ही उन्हें 55.4प्रतिशत वोट मिल चुके हैं, जबकि भारतीय मूल की निक्की हेली को 42प्रतिशत वोट हासिल हुए। दूसरी तरफ डेमोक्रेटिक पार्टी से न्यू हैम्पशायर में जो बाइडेन जीत चुके हैं। उन्हें 66.8प्रतिशत वोट मिले। वहीं दूसरे नंबर पर रहे डीन फिलिप्स को सिर्फ 20प्रतिशत ही वोट मिले हैं। अमेरिका में इस साल नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। इसके पहले दोनों पार्टियां; यानी रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक, इस इलेक्शन के लिए अपने-अपने उम्मीदवार फाइनल करने में जुटी हैं।

**निक्की हेली बोली- चुनाव से पीछे नहीं हटूंगी :** इससे पहले आयोवा राज्य में हुए चुनावों में भी ट्रम्प ने जीत हासिल की थी। इसके बाद विवेक रामास्वामी और रॉन डी-सेंटिस ने चुनाव न लड़ने का फैसला किया था। हालांकि, न्यू हैम्पशायर में हारने के बावजूद निक्की हेली फिलहाल ऐसा कुछ नहीं करने वाली हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, नतीजे घोषित होने के बाद हेली ने कहा- ट्रम्प ने



अपनी मेहनत से जीत हासिल की है।

हेली ने आगे कहा- यह एक राज्य है, आखिरी नहीं। ये रेस अभी खत्म नहीं हुई है। अमेरिका में दर्जनों राज्यों में चुनाव बचे हैं। अगला राज्य मेरा पसंदीदा साउथ कैरोलीना है। मैं 24 फरवरी को यहां पूरी ताकत लगा दूंगी। मैं ट्रम्प को उम्मीदवारी और बाइडेन को राष्ट्रपति चुनाव में जरूर हराउंगी।

**न्यू हैम्पशायर में पार्टी चुनाव न लड़ने के बावजूद जीते बाइडेन :** न्यू हैम्पशायर में डेमोक्रेटिक पार्टी के चुनावों में राष्ट्रपति बाइडेन का नाम न होने के बावजूद उन्होंने भारी बहुमत के साथ जीत दर्ज की है। दरअसल, पार्टी चुनावों की तारीखों की घोषणा के बाद बाइडेन ने न्यू हैम्पशायर में देरी से चुनाव कराने की अपील की थी। हालांकि, पार्टी ने ऐसा करने से मना कर दिया। इस बात से नाराज होकर बाइडेन ने न्यू हैम्पशायर के इलेक्शन नहीं लड़ने का फैसला किया था। इसके बावजूद डेमोक्रेटिक पार्टी में उनके समर्थकों ने चुनाव में राइट-इन कैंपेन चलाया, जिससे बाइडेन चुनाव जीत गए। अमेरिका में राइट-इन कैंपेन के तहत लिस्ट में नाम न होने के बावजूद मतदाता बैलेट पेपर पर अपने पसंदीदा उम्मीदवार का नाम लिखते हैं। अगर उस उम्मीदवार को बहुमत मिलता है, तो पार्टी उसे विजेता घोषित कर देती है।

निक्की हेली बोलीं- दूसरा कार्यकाल पूरा होने तक जीवित नहीं रहेंगे बाइडेन चुनाव नतीजे सामने आने के बाद निक्की हेली ने कहा- अगर ट्रम्प रिपब्लिकन पार्टी से राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार चुने जाते हैं, तो पिछली बार की तरह बाइडेन चुनाव जीत जाएंगे। हालांकि, 81 साल के हो चुके बाइडेन 5 साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाएंगे और आखिरकार कमला हैरिस राष्ट्रपति बन जाएंगी। ट्रम्प ने निक्की के इस बयान के बाद कहा कि वो भ्रम में जी रही हैं। फॉक्स न्यूज से बात करते हुए पूर्व राष्ट्रपति ने निक्की हेली को चुनाव से नाम वापस लेने का भी सुझाव दिया। कॉकस और प्राइमरी चुनाव में क्या अंतर रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से पहला कॉकस आयोवा राज्य में हुआ था। दरअसल, प्राइमरी इलेक्शन को राज्य सरकार कराती है। वहीं, कॉकस पार्टी का अपना इवेंट होता है। प्राइमरी इलेक्शन में बिल्कुल वही वोटिंग प्रोसेस होता है, जो आम चुनाव में अपनाया जाता है। इस दौरान एक पार्टी का कार्यकर्ता दूसरी पार्टी के चुनाव में भी वोट डाल सकता है। वहीं, कॉकस में एक रूम या हॉल में बैठकर पार्टी के प्रतिनिधि हाथ उठाकर या पर्ची डालकर वोटिंग कर सकते हैं। पार्टी की ही एक टीम ऑब्जर्वर की तरह काम करती है। आयोवा में ट्रम्प को 20, जबकि निक्की को 8 वोट मिले थे। नाम वापस ले चुके रॉन डी सेंटिस को 9 वोट मिले थे। न्यू हैम्पशायर में चुनाव के बाद अगर किसी भी वक्त निक्की रेस छोड़ती हैं तो ऐसे में ट्रम्प ही रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति उम्मीदवार होंगे। अगर निक्की नाम वापस नहीं लेतीं तो बाकी 48 राज्यों में प्राइमरी या कॉकस की वोटिंग जून तक चलती रहेगी। इस बीच, ट्रम्प या निक्की में से जिस किसी को 1215 पार्टी डेलिगेट्स (प्रस्तावक) के वोट पहले मिल गए, वो पार्टी का राष्ट्रपति उम्मीदवार होगा।

## पाकिस्तान में चुनाव से पहले अल्पसंख्यक उम्मीदवारों को वोट न देने के फतवे जारी

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पूरी दुनिया जहां तकनीक और विकास के पीछे भाग रही है वहीं पाकिस्तान अभी भी धार्मिक मुद्दों में फंसा हुआ है।



पाकिस्तान में धार्मिक अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने वाली घृणित प्रसार शुरू होने से 8 फरवरी के आम चुनाव से पहले चिंताएं बढ़ गई हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस संबंध में कराची स्थित मदरसा द्वारा एक फतवा जारी किया गया वहीं, फेसबुक और एक्स प्लेटफार्मों पर फिर से एक पोस्ट सामने आया है जिसमें सुझाव दिया गया है कि मतदाता अल्पसंख्यकों के मुकाबले मुस्लिम उम्मीदवारों को प्राथमिकता देते हैं। द न्यूज इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार फतवा जामिया उलूम इस्लामिया न्यू टाउन द्वारा जारी किया गया था। इसे जामिया बिनोरी टाउन के नाम से जाना जाता है, जो गुरु मंदिर क्षेत्र के पास स्थित है। इस धार्मिक स्कूल को शहर के सबसे प्रभावशाली मदरसों में से एक माना जाता है। अल्पसंख्यक अधिकार कार्यकर्ता चमन लाल ने फेसबुक पर बिना तारीख वाले फरमान की एक तस्वीर साझा करते हुए कहा, %एक फतवा जारी किया जाता है कि दस लाख से अधिक अल्पसंख्यकों की आबादी से वोट लेना जायज है, लेकिन आज एक फतवा जारी किया गया है कि आम चुनाव में अल्पसंख्यक उम्मीदवारों को वोट देने की अनुमति नहीं है। फतवा इस सवाल के बाद जारी किया गया क्या इस्लामी कानूनों के तहत गैर-मुस्लिम उम्मीदवार को वोट देने की अनुमति है? प्रश्न में आगे कहा गया कि एक प्रमुख राजनीतिक दल ने बेहतर मुस्लिम उम्मीदवार की उपस्थिति में सामान्य सीट के लिए एक हिंदू को नामांकित किया था, भले ही गैर-मुसलमानों के लिए आरक्षित सीटें थीं. जनता जानना चाहती है कि क्या इस स्थिति में किसी गैर-मुस्लिम को वोट देना इस्लामी दृष्टिकोण से स्वीकार्य है या नहीं, या क्या कोई तीसरा विकल्प है? द न्यूज इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार इसके जवाब में फतवे में कहा गया, %वोट ऐसे उम्मीदवार को दिया जाना चाहिए जिसके पास आवश्यक योग्यता और क्षमता हो। उसकी पार्टी का घोषणापत्र भी सही हो और जिसके बारे में इस बात की संतुष्टि हो कि वह अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के लिए धार्मिक और धर्मनिरपेक्ष रूप से बेहतर कदम उठा सकता है क्योंकि गैर-मुस्लिम उम्मीदवार इन मानकों पर खरा नहीं उतरता इसलिए मुस्लिम उम्मीदवार को वोट देना बेहतर है।

## दिमाग में लगी गोली, चार दिन तक पार्टी करता रहा शख्स; पता चला तो ...

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** किसी के सिर में गोली लग जाए तो भला वह कितनी देर जिंदा रह सकता है? ब्राजील में एक हैरान करने वाली घटना सामने आई। न्यूयॉर्क पोस्ट के मुताबिक 21 साल एक लड़का रियो डि जनेरो बीच पर न्यू ईयर की पार्टी कर रहा था। इसी दौरान उसके सिर में गोली लग गई। उसे लगा कि कोई पत्थर लगा है। थोड़ी देर बाद जब खून बहना रुक गया तो उसने इसे गंभीरता से नहीं लिया। वह चार दिन तक पार्टी करता रहा। इसके बाद जब वह अपने घर पहुंचा तो उसको हाथ उठाने और उंगलियां हिलाने में दिक्कत होने लगी। जब वह अस्पताल गया तो असलियत जानकर पांव के नीचे से जमीन खिसक गई।

डॉक्टरों ने बताया कि उसे चार दिन पहले ही गोली लगी है। उसे बताया गया कि वह बहुत ही लकी था जो उसकी जान बच गई। उसे पैरालिसिस भी हो सकता था या फिर उसकी जान भी जा सकती थी। इसके बाद डॉक्टरों ने दो घंटे तक ऑपरेशन किया। डॉक्टरों ने ऑपरेशन से पहले ही बता दिया था कि अगर गोली निकालने के दौरान कून नहीं रुकता या फिर सेरेब्रल फ्लुइड बह जाता है तो उसकी जान भी जा सकती है। हालांकि डॉक्टरों की सूझबूझ से उसकी जान बच गई। उसके सिर से निकाली गई गोली पुलिस को जांच के लिए सौंप दी गई। हालांकि पुलिस का कहना है कि उस दिन उस इलाके में कहीं गोलीबारी नहीं हुई थी। रिपोर्ट के मुताबिक मैच्योज फेसियो को यही लगा था कि किसी ने मजाक में पत्थर उनके सिर में मार दिया।

# घर पर फहराया इमरान खान की पार्टी का झंडा, वामपंथी बाप ने बेटे को उतार दिया मौत के घाट

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में चुनाव को लेकर मची खींचातान के बीच हत्या और अपहरण के मामले बढ़ते जा रहे हैं। राजनीतिक मतभेद को लेकर पाकिस्तान में एक बाप ने अपने बेटे को मौत के घाट उतार दिया। पाकिस्तान के आम चुनाव से पहले किस राजनीतिक दल का झंडा फहराया जाए इसको लेकर बाप और बेटे में झगड़ा हो गया। इस पर गुस्साए पिता ने अपने बेटे की हत्या कर दी। पाकिस्तान की पेशावर पुलिस ने इसकी जानकारी दी।

**बाप ने पिस्तौत से बेटे का मार डाला :** एएफपी की रिपोर्ट के मुताबिक, बेटा हाल ही में कतर से काम करके लौटा था। उसने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के पेशावर में स्थित अपने घर पर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी का झंडा फहराया था। इसको लेकर बाप-बेटे में बहस तब छिड़ गई। जिला पुलिस अधिकारी नसीर फरीद ने कहा, पिता ने अपने बेटे को घर पर पीटीआई का झंडा



फहराने से मना किया, लेकिन बेटे ने इसे उतारने से इनकार कर दिया। उसने कहा कि वह पीटीआई को नहीं छोड़ेगा। पुलिस ने बताया कि बेटे के इनकार करने से बहस बढ़ गई और गुस्से में आकर पिता ने अपने 31 वर्षीय बेटे पर पिस्तौल से गोली चला दी। अस्पताल ले जाते समय बेटे की मौत हो गई। पुलिस पिता की तलाश कर रही है। आरोपी पिता के बारे में कहा जा रहा है कि वह राष्ट्रवादी अवामी नेशनल पार्टी से जुड़ा था। वह अपने घर पर आवामी पार्टी का झंडा भी फहरा चुका था। बेहद पुराने हैं अवामी नेशनल पार्टी के तार अवामी नेशनल पार्टी की बात करें तो यह पाकिस्तान में एक पश्तून राष्ट्रवादी, धर्मनिरपेक्ष और वामपंथी राजनीतिक दल है। पार्टी की स्थापना 1986 में अब्दुल वली खान ने की थी और इसके वर्तमान अध्यक्ष बाचा खान के पोते असफंदयार वली खान हैं। बाचा खान को दुनिया खान अब्दुल गफ्फार खान या बादशाह खान के नाम से जानती है। भारत में अब्दुल गफ्फार खान को फ्रंटियर गांधी या सीमांत गांधी भी कहा जाता है। पश्तूनों के हक की लड़ाई लड़ने वाले बादशाह खान को साल 1987 में भारत सरकार ने सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से नवाजा था। हमारे उम्मीदवारों का हो रहा अपहरण- इमरान खान की पार्टी 8 फरवरी को होने वाले चुनावों से पहले पाकिस्तान में हर बार की तरह इस बार भी हिंसा का दौरा जारी है। उम्मीदवारों पर बम विस्फोटों और बंदूकों से हमला किया जा रहा है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी ने 19 जनवरी को एक बयान में दावा किया कि खुफिया एजेंसियां आठ फरवरी के आम चुनाव से पहले उसके समर्थन वाले उम्मीदवारों को खुलेआम प्रताड़ित और उनका अपहरण कर रही हैं। इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के एक प्रवक्ता ने कहा कि फैसलाबाद से पूर्व विधायक और पार्टी समर्थित उम्मीदवार ख्याल अहमद कास्त्रो को खुफिया एजेंसियों के कर्मियों ने कथित तौर पर अगवा कर लिया है। फैसलाबाद लाहौर से लगभग 130 किलोमीटर दूर है। खान की पार्टी के प्रवक्ता ने कहा, ''सादे कपड़े पहने लोगों ने फैसलाबाद की एक जिला अदालत के बाहर कैमरे के सामने कास्त्रो का अपहरण कर लिया।'' पार्टी के महासचिव उमर अयूब ने कहा, ''अदालत से जमानत मिलने के बाद भी कास्त्रो का दिन दहाड़े अज्ञात लोगों ने अपहरण कर लिया, जो बेहद निंदनीय है।

## बाइडन को भी प्राइमरी जीतने का भरोसा, न्यू हैंपशर में रिपब्लिकन-डेमोक्रेट खेमे का मुकाबला रोचक

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में इस साल के अंत में राष्ट्रपति चुनाव का प्रमुख मुकाबला होगा। इससे पहले प्राइमरी और कॉकस चरण में प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला हो रहा है। रिपब्लिकन प्रत्याशी के रूप में ट्रंप ने न्यू हैंपशर प्राइमरी में जीत हासिल की। एक रिपोर्ट के मुताबिक पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बाद बाइडन को भी प्राइमरी में जीत हासिल करने का पूरा भरोसा है। अमेरिकी मीडिया के शुरुआती अनुमानों के मुताबिक समर्थकों को एकजुट रखने के लिए बाइडन ने अनौपचारिक रूप से राइट-इन अभियान चलाया।

**अमेरिकी सियासत में दो दिग्गजों की सीधी टक्कर :** सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक बाइडन के राइट-इन अभियान से पहले डेमोक्रेट खेमा हताश होने लगा था। न्यू हैंपशर में चुनावी अभियान के प्रति बाइडन की कथित उदासीनता, कम उत्साह और तुलनात्मक रूप से नाम की कम चर्चा को लेकर डेमोक्रेट खेमा शर्मनाक हार की आशंका से जूझ रहा था, लेकिन अब तस्वीर बदल चुकी है। बाइडन प्राइमरी में जीत की औपचारिक घोषणा के बाद पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को सीधी टक्कर देंगे।



**81 साल के बाइडन की जीत प्रतीकात्मक होगी :** सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक न्यू हैंपशर में बाइडन 21 उम्मीदवारों की सूची में शामिल नहीं थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसका कारण डेमोक्रेट गुट में आंतरिक पार्टी संघर्ष के कारण उन्होंने प्राइमरी के साथ-साथ परिणामों के लिए भी पंजीकरण नहीं कराया। इसके बावजूद 81 साल के बाइडन की जीत को प्रतीकात्मक माना जाएगा। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप से मिल रही सीधी और मजबूत टक्कर के बीच डेमोक्रेट खेमा न्यू हैंपशर प्राइमरी के परिणाम का स्वागत करेगा। आंतरिक कलह के कारण डेमोक्रेट खेमा चिंतित; अब बदल चुके हैं समीकरण? अमेरिकी चुनाव से पहले हुए कुछ सर्वे और स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रंप इस साल के अंत में चुनाव से पहले बाइडन के मुकाबले बेहतर स्थिति में दिख रहे हैं। काफी बड़ी संख्या में जनता बाइडन से असंतुष्ट भी दिख रही है। इन कारणों से डेमोक्रेट खेमा चिंतित था और उसका मानना था।

## सगे भाई-बहन ने आपस में कर ली शादी, बेटी ने खोला राज- बताया क्यों लिया ये फैसला?

**वाशिंगटन, एजेंसी।** दुनियाभर में सबसे पवित्र भाई-बहन के रिश्ते को लेकर बड़ा सवाल खड़ा करने वाला मामला सामने आया है। अमेरिका की एक महिला वनेसा ने पोडकास्टर देवोरा रोलोफ के शो में खुलासा किया कि उसके मां-बाप जो दोनों सगे भाई-बहन हैं, ने आपस में शादी कर ली थी। महिला ने बताया कि एक मजबूरी की वजह से उन्होंने ये फैसला किया था। अमेरिका के ओहियो की रहने वाली महिला वनेसा, के मुताबिक जब वो 9 साल की थी तो उसे पता चला कि उसके मां-बाप सगे भाई-बहन थे। तब वेनसा तीसरी कक्षा में पढ़ती थी। वनेसा ने कहा, 'मैं समझ नहीं पा रही थी क्या सही और क्या गलत है। दरअसल, मेरी दादी बहुत खुश थीं, क्योंकि उन्हें लगता था कि उनके बच्चों को सच्चा प्यार मिल गया।

ये बात 1970 की थी, तब आसानी से रिश्ता को छुपाकर दोनों ने मैरिज सर्टिफिकेट भी हासिल कर लिया था। पापा ने मेरी मां का गलत नाम दर्ज करवा दिया था।उस दौरान वेरिफिकेशन बहुत आसान था, इसलिए दोनों को मैरिज लाइसेंस मिल गया। बाद में चर्च से भी इसकी मंजूरी मिल गई।' महिला के फैमिली को लगता कि 1975 में दुनिया का अंत हो जाएगा। ऐसे में परिवार वालों की रजामंदी से भाई-बहनों की शादी करवा दी गई।शुरुआत में जन्में बच्चों में तो कोई दिक्कत नहीं हुई, लेकिन 10 साल बाद 1982 में



वनेसा की मां एक बार फिर प्रेग्नेंट हुईं तब उन्होंने एक लड़के को जन्म दिया जो 3 महीने बाद ही मर गयाय् कोई नहीं जानता था कि आखिर किस वजह से उसकी मौत हुई। वनेसा ने बताया कि हमें तो बच्चा बिल्कुल सामान्य नजर आ रहा था सेकिन तबीयत बिगड़ने पर जांच में पता चला कि बच्चे को वॉकिंग निमोनिया नामक बीमारी थी, जो दुर्लभ मामलों में घातक हो सकती है। वनेसा ने बताया कि 1973 में पैदा हुई मेरी बहन को भी आंखों से जुड़ी समस्या थी, जो बाद ठीक हो गई।हालांकि, बच्चों पर पड़ रहे दुष्प्रभाव को देखते हुए भी मेरी मां 9 बार प्रेग्नेंट हुईं। वॉकिंग निमोनिया से ग्रसित भाई के मरने के 1 साल के अंदर ही मां को एक और बच्चा हुआ, जो पांचवां बच्चा था।

# श्रीलंका ने किया इनकार, तो मालदीव ने दे दी चीन के जासूसी जहाज को इजाजत

**माले, एजेंसी।** चीन का एक जासूसी जलपोत मालदीव सरकार की अनुमति मिलने के बाद ईंधन भरने के लिए मालदीव के एक बंदरगाह पर लंगर डालेगा। चीन इसे एक रिसर्च और सर्वे का काम करने वाला जहाज बताता है। लेकिन अमेरिका और भारत सहित कई देशों का मानना है कि ये एक जासूसी जहाज है जो चीन के पड़ोसी देशों पर नजर रखता है। मालदीव के विदेश मंत्रालय ने कहा कि चीन की रिसर्च शिप 'शियांग यांग होंग 3' मालदीव के जलक्षेत्र में रहते हुए कोई रिसर्च कार्य नहीं करेगा। हालांकि भारतीय रक्षा प्रतिष्ठान के सूत्रों ने कहा कि भारत जहाज की आवाजाही पर कड़ी नजर रख रहा है। मालदीव के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि चीन की सरकार ने 'पोर्ट कॉल' के लिए आवश्यक मंजूरी के वास्ते राजनयिक अनुरोध किया था। 'पोर्ट कॉल' का अर्थ है- यात्रा के क्रम में किसी जहाज का बंदरगाह पर कुछ देर रुकना। बयान में यह भी कहा गया कि मालदीव हमेशा से मित्र देशों के जहाजों का स्वागत करने वाला गंतव्य रहा है और शांतिपूर्ण उद्देश्यों से असैन्य और सैन्य जलपोतों की मेजबानी करता रहेगा। इसमें कहा गया, ''इस तरह के पोर्ट कॉल न केवल मालदीव और उसके साझेदार देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों का विस्तार करते हैं, बल्कि मित्रवत देशों से आने वाले जहाजों का



मालदीव के लोगों द्वारा स्वागत करने की सदियों पुरानी परंपरा को भी प्रदर्शित करते हैं। चीनी जहाज को अनुमति भारत और मालदीव के बीच संबंधों में तनाव के बीच दी गई है। मालदीव के नए राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने सत्ता में आने और पदभार संभालने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा के तहत चीन की यात्रा की थी। परंपरागत रूप से, मालदीव के राष्ट्रपति अपनी पहली विदेश यात्रा के तहत भारत की यात्रा करते रहे हैं। घटनाक्रम से अवगत अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि सोमवार को इस शिप ने इंडोनेशिया में सुंडा जलडमरूमध्य के माध्यम से हिंद महासागर क्षेत्र में प्रवेश किया। इसके बाद से भारतीय नौसेना चीनी जहाज पर नजर रख रही है। जहाजों की आवाजाही पर नजर रखने वाली निजी वेबसाइट 'मरीन ट्रैफिक' के अनुसार आठ साल पुराना चीनी जहाज आठ फरवरी को माले के एक बंदरगाह पर लंगर डाल सकता है। मालदीव लक्षद्वीप के मिनिकॉय द्वीप से बमुश्किल 70 समुद्री मील और मुख्य भूमि के पश्चिमी तट से 300 समुद्री मील की दूरी पर है। यह हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) के माध्यम से गुजरने वाले वाणिज्यिक समुद्री मार्गों का केंद्र होने के कारण रणनीतिक दृष्टि से अहम है। बता दें कि इससे पहले चीन ने अपने जहाज को डॉक करने के लिए श्रीलंका से अनुरोध किया था।

संपादकीय

# यह भी देखा है

जिसका मन मस्त है उसके पास जो ही है वह समस्त हैं ।क्योंकि वह अपने पास है जिसमें प्रसन्न है । अगर धन से सुख मिलता तो धन्ना सेठ रात को मख़मल के गद्दे पर करवटें नहीं बदलते और सब कुछ होते हुए भी बिना चीनी की चाय और उबली हुयि सब्ज़ी नहीं खाते। धन से ही भगवान मिलते तो भगवान स्वयं उस सुदामा को गलियों में ढूँढने नहीं जाते ।सुदामा के पास धन नहीं था ।वो अपनी फ़क़ीरी में ही बहुत मस्त रहता था ।फिर भी भगवान श्री कृष्ण उनको लेने स्वयं गलियों में गये और उनका पाँव धोये ।एक बात स्मरण रहे कि जंहा धन का आकर्षण होगा वंहा मोह होगा, भय होगा और ना जाने कितने प्रकार के विकार मन में होंगे ।जंहा धन के प्रति आसक्ति नहीं, वंहा ना विकार होगा,ना किसी के प्रति मोह और ना जीवन में भय ।मनुष्य जीवन में धन बहुत ज़रूरी है,उसके बिना जीवन नहीं ।पर साथ में यह भी याद रखो कि प्रभु ने जो दिया उसी में संतोष ।जो दिया है उससे भी हम अपना जीवन यापन कर सकते हैं। जब भी देखता हूँ किसी को हँसते हुए तो यकीन आ जाता है की खुशियों का ताल्लुक दौलत से नहीं होता हैं ।जिसका मन मस्त है उसके पास समस्त है ।इस धरती पर कोई ऐसा अमीर अभी तक पैदा नहीं हुआ जो बीते हुए समय को खरीद सके ।इस लिए हर पल को खुश होकर जियो व्यस्त रहो पर साथ में मस्त रहो सदा स्वस्थ रहो । वर्तमान युग में यह भी देखा है यहाँ हर कोई सभी को जानता है पर खुद को नहीं जानता हैं । स्वयं के दोष देखे बिना जीवन में कल्याण नहीं होता है । हमें दूसरों के दोष नहीं देखना चाहिए बल्कि स्वयं के दोष पर ध्यान देना चाहिए । अपनी गलती,कमी को स्वीकार किए बिना सफलता के शिखर पर नहीं पहुंच सकते हैं ।हमारी दृष्टिभाव में दोष है तो पहले उसे दूर करना होगा तभी सफलता मिल सकती है ।अत: जिस प्रकार सूई छेद करती है पर सूत अपने शरीर का अंश दे कर भी उस छेद को भर देता है ।उसी प्रकार हमें भी दूसरों के छिद्रों (अवगुणों) को भर देने अर्थात् ख़त्म कर देने के लिए अपना सर्वस्व अर्पण कर देना चाहिए।



प्रदीप छाजेड़
( बोरावड़ )

## आज का राशीफल

**मेष** बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रुपए पैसे के लेन-देन में सावधानी रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। ईश्वर के प्रति आस्था बढ़ेगी।

**वृषभ** पारिवारिक व व्यावसायिक समस्याएं रहेंगी। उदर विकार या त्वचा के रोग से पीड़ित रहेंगे। आय और व्यय में संतुलन बनाकर रखें। जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। वाहन प्रयोग में सावधानी रखें।

**मिथुन** सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यावसायिक योजना सफल होगी। रुपए पैसे के लेन-देन में सावधानी रखें। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। व्यर्थ के तनाव मिलेंगे।

**कर्क** बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। जारी प्रयास सफल होंगे। वाणी की सौम्यता बनाये रखें। प्रणय संबंध प्रगाढ़ होंगे। वाहन प्रयोग में सावधानी अपेक्षित है।

**सिंह** प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलेगी। पिता या उच्चाधिकारी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। भाई या पड़ोसी का सहयोग मिलेगा। ससुराल पक्ष से लाभ मिलेगा। संतान के संबंध में सुखद समाचार मिलेगा।

**कन्या** जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि मिलेगी। रुका हुआ कार्य सम्पन्न होगा। यात्रा में अपने सामान के प्रति सचेत रहें चोरी या खोने की आशंका है। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी।

**तुला** राजनैतिक महात्वाकांक्षा की पूर्ति होगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। व्यावसायिक योजना सफल होगी। प्रेम प्रसंग प्रगाढ़ होंगे। वाहन प्रयोग में सावधानी अपेक्षित है।

**वृश्चिक** आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। उदर विकार या त्वचा के रोग से पीड़ित रहेंगे। आय के नए स्त्रोत बनेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। प्रियजन भेंट संभव।

**धनु** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। रुपए पैसे के लेन-देन में सावधानी रखें। जारी प्रयास सफल होंगे। शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। प्रणय संबंध प्रगाढ़ होंगे। धार्मिक प्रवृत्ति में वृद्धि होगी।

**मकर** दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय न लें। कार्यक्षेत्र में रुकावटों का सामना करना पड़ेगा। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कुम्भ** व्यावसायिक दिशा में किए गए प्रयास सफल होंगे। अनावश्यक कष्टों का सामना करना पड़ेगा। रुका हुआ कार्य सम्पन्न होगा। नेत्र विकार की संभावना है। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी।

**मीन** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। सृजनात्मक कार्यों में हिस्सा लेना पड़ सकता है। पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। अनावश्यक कार्यों में खर्च करना पड़ सकता है।

# चुनावी साल में अंतरिम बजट से उम्मीदें

जयंतीलाल भंडारी

इन दिनों पूरे देश की निगाहें वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा एक फरवरी को पेश किए जाने वाले वर्ष 2024 के अंतरिम बजट की ओर लगी हुई है। वस्तुत: देश में जिस साल लोकसभा चुनाव होते हैं, उस वर्ष दो बजट आते हैं। एक अंतरिम बजट और दूसरा पूर्ण बजट होता है। सामान्यत- अंतरिम बजट में नई सरकार बनने तक की व्यय जरूरतों को पूरा करने का उद्देश्य होता है। लेकिन अधिकांश अंतरिम बजटों में लोकलुभावन योजनाओं और बड़ी-बड़ी राहतों का ढेर लगाया जाता रहा है। इस बार वित्तमंत्री सीतारमण वित्तीय अनुशासन के साथ आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जरूरी राहतों और आर्थिक कल्याण की योजनाओं से संतुलित अंतरिम बजट पेश करते हुए दिखाई दे सकती हैं। नि:संदेह इस समय वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट को अंतिम रूप देते समय दो अहम मसले वित्तमंत्री के समक्ष हैं। एक का संबंध उस राजकोषीय गुंजाइश और आकार से है जो फिलहाल केंद्र सरकार के पास अनुकूल स्थिति में है और दूसरा मुद्दा आगामी आम चुनावों में आवश्यक चुनावी लाभ हासिल करने के लिए कुछ नई व्यय योजना की घोषणा का है। साथ ही आर्थिक कल्याण को लेकर सरकार की राजनीतिक अनिवार्यता से संबंधित है। वित्तमंत्री ने सीतारमण ने कहा है कि अंतरिम बजट लेखानुदान होगा। पूर्ण बजट लोकसभा चुनावों के परिणामों के कोई एक माह बाद आने की संभावना रहेगी। कहा है कि वर्ष 2000 के बाद प्रस्तुत हुए तीन अंतरिम बजटों में जिस तरह लोकलुभावन बड़ी घोषणाएं की गई थीं और कर उपायों की अनदेखी की गई, वह वैसा नहीं करने जा रही हैं। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि नए अंतरिम बजट के समय वित्तमंत्री सीतारमण के पास आयकर परिदृश्य पर सकारात्मक बदलाव होने का अनुकूल परिदृश्य मौजूद है। हाल ही में एसबीआई की रिसर्च विंग द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2014 से 2022 के पिछले आठ वर्षों में आयकर रिटर्न भरने वाले आयकरदाताओं की संख्या और आयकर की प्राप्ति में छलांगे लगाकर वृद्धि हुई है। 2023-24 के 31 दिसंबर तक आयकर रिटर्न रिकॉर्ड 8.18 करोड़ के स्तर को पार कर चुका हैं। वित्त वर्ष 2014-22 के दौरान व्यक्तिगत आय असमानता 0.472 प्रतिशत से घटकर 0.402 प्रतिशत हो गई है। इस दौरान 3.5 लाख रुपये के कम आय वाले समूह से 36.3 फीसदी लोग उच्च आय वाले समूह में शामिल हो गए हैं। देश में कर सुधारों से आयकरदाताओं और आयकर संग्रहण के साथ-साथ जीएसटी में लक्ष्य से भी अधिक वृद्धि की बड़ी अनुकूलताएं हैं। पिछले लोकसभा चुनाव के पहले 2019 के अंतरिम बजट में किसान सम्मान निधि व आयकर राहत देने के लिए जरूरी प्रावधान किए गए थे। चूंकि पिछले माह दिसंबर में राज्यों के उत्साहजनक चुनावी नतीजों में कल्याणकारी योजनाओं की भूमिका अहम मानी गई हैं, इसे ध्यान में रखते हुए वित्तमंत्री आमजन के हितार्थ कुछ महत्वपूर्ण सामाजिक और आर्थिक कल्याण की योजनाओं के साथ-साथ छोटे आयकरदाताओं और मध्यम वर्ग को राहत देने के लिए कुछ जरूरी प्रावधान कर सकती हैं। नए अंतरिम बजट में छोटे आयकरदाताओं व मध्यम वर्ग को कुछ राहत दी जा सकती है। बजट में किफायती आवासों के लोन पर ब्याज पर सब्सिडी बढ़ सकती है। नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के लिए आयकर छूट की सीमा बढ़ सकती है। किसानों और महिलाओं के लिए अंतरिम बजट में बड़े ऐलान हो सकते हैं। किसान सम्मान निधि बढ़ाई जा सकती है। नए बजट में राजकोषीय घाटा और विनिवेश लक्ष्य कम हो सकता है। विनिवेश लक्ष्य 50 हजार करोड़ रुपये से नीचे रखा जा सकता है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) को प्रोत्साहनमूलक राहत दी जा सकती है। जहाँ विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने और रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी करने के लिए सरकार नए अंतरिम बजट से पीएलआई योजना का दायरा बढ़ाते हुए इसे कपड़ा और हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों तक विस्तृत कर सकती है, वहीं रियल एस्टेट सेक्टर को भी प्रोत्साहनमूलक राहत दे सकती है। नए अंतरिम बजट में देश में डिजिटल क्रांति को बढ़ाने से संबंधित मोबाइल सेवा प्रदाताओं सहित विभिन्न उत्पादों, बुनियादी ढांचा क्षेत्र के लिए अधिक पूंजीगत व्यय के प्रावधान भी दिखाई दे सकते हैं। नए बजट में वित्तमंत्री जनकल्याण की ऐसी घोषणाएं भी कर सकती है, जो अंतरिम बजट का हिस्सा नहीं होते हुए




आगामी पूर्ण बजट की घोषणाओं की संभावनाओं को रेखांकित करते हुए दिखाई दें। इन दिनों वेतनभोगी (सैलरीड) वर्ग के लाखों छोटे आयकरदाता और मध्यम वर्ग के लोग यह कहते हुए दिखाई दे रहे हैं कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में उन्हें टैक्स संबंधी कोई उपयुक्त राहत नहीं मिली है। साथ ही अब महंगाई वृद्धि और उनके बढ़ते जरूरी खर्चों के कारण उन्हें कुछ आयकर राहत की अपेक्षा है। ऐसे में नए अंतरिम बजट में छोटे आयकरदाताओं को नई कर व्यवस्था के तहत नई कर राहत मिल सकती है। नि:संदेह वेतनभोगी वर्ग द्वारा नए अंतरिम बजट में राहत की अपेक्षा इसलिए भी न्यायसंगत है, क्योंकि वेतनभोगी वर्ग के द्वारा दिया गया कुल आयकर पेशेवरों और कारोबारी करदाताओं के वर्ग द्वारा चुकाए गए कुल आयकर से काफी अधिक होता है। वेतनभोगी वर्ग के करदाताओं के कर की कटौती आमदनी अर्जित करने के स्रोत पर अर्जित आय पर की जाती है। इसे टीडीएस के रूप में जाना जाता है। टीडीएस के कारण वेतनभोगी नियमानुसार अपने वेतन पर ईमानदारीपूर्वक आयकर चुकाते हैं और आमदनी को कम बताने की गुंजाइश नगण्य होती है। इस परिप्रेक्ष्य में एक महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि वर्ष 2022-23 में देश के 140 करोड़ से अधिक लोगों में से सिर्फ 2.24 करोड़ लोगों ने ही आयकर दिया है। यानी देश की कुल आबादी का 1.60 फीसदी लोग ही आयकरदाता हैं। साथ ही देश में शून्य आयकर देयता वाले आईटी रिटर्न की संख्या भी लगातार बढ़ते हुए वर्ष 2022-23 में 5.16 करोड़ हो गई। करीब 70 फीसदी आयकर रिटर्न शून्य आयकर देयता बता रहे हैं। इनमें अधिकांश रिटर्न वे हैं जो उद्योग-कारोबार और पेशेवर आयकरदाताओं से संबंधित हैं। चूंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार वित्तीय अनुशासन की दृढ़ता दिखा रहे है। ऐसे में यदि केंद्र को अपने घाटे को चालू वर्ष में जीडीपी के 5.9 फीसदी और 2025-26 में 4.5 फीसदी तक लाना है तो ढेर सारी लोकलुभावन योजनाओं के लिए राजकोषीय गुंजाइश सीमित है। वस्तुत: अगले दो वर्षों में 1.4 फीसदी की कमी चुनौतीपूर्ण होगी। ऐसे में वित्तमंत्री 2024-25 के लिए सीमित राजकोषीय घाटे वाला अंतरिम बजट पेश करते हुए दिखाई देंगी। इससे सत्ताधारी दल की बढ़ती राजनीतिक पूंजी आने वाले महीनों में मजबूत आर्थिक सुधार और तेज विकास का आधार बन सकती है। निःसंदेह इस अंतरिम बजट में विभिन्न रियायतों तथा लोकलुभावन योजनाओं का कम बोझ होने से वर्ष 2024 के आम बजट चुनाव के बाद पेश किया जाने वाला वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट बेहतर होगा। साथ ही इससे देश को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की डगर पर आगे बढ़ाने में प्रभावी मदद भी मिलेगी।

लेखक अर्थशास्त्री हैं।

# बेटियों के लिए बनाएं भय मुक्त समाज

योगेश कुमार गोयल

देश की बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने तथा समाज में उनके साथ होने वाले भेदभाव के खिलाफ देशवासियों को भी जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 24 जनवरी को 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' मनाया जाता है। बेटियों के साथ परिवार में होने वाले भेदभाव के खिलाफ समाज को जागरूक करने के लिए देश की आजादी के बाद से ही प्रयास होते रहे हैं। एक समय में अधिसंख्य परिवारों में बेटी को परिवार पर बोझ समझा जाता था। यहां तक कि बहुत-सी जगहों पर तो बेटियों को जन्म लेने से पहले कोख में ही मार दिया जाता था। यही कारण था कि बहुत लंबे अरसे तक कई राज्यों में लिंगानुपात गड़बड़ाया रहा। यदि बेटी का जन्म हो भी जाता था तो उसका बाल-विवाह कराकर उसकी जिम्मेदारी से मुक्ति पाने की सोच समाज में बनी हुई थी। आजादी के बाद से बेटियों के प्रति समाज की इस सोच को बदलने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं बनाई गईं और कानून लागू किए गए। आज बालिकाएं भी हर क्षेत्र में राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। अब तो वे सेना में भी बढ़-चढ़कर अपना पराक्रम दिखा रही हैं ।पहली बार साल 24 जनवरी, 2009 को देश में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। यह दिवस मनाये जाने की शुरुआत के पीछे प्रमुख कारण यही था कि वर्ष 1966 में इसी दिन 'आयरन लेडी' के रूप में इंदिरा गांधी भारत की पहली प्रधानमंत्री बनी थी। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य भारत की बालिकाओं को सहायता और अवसर प्रदान करते हुए उनके सशक्तीकरण के लिए उचित प्रयास करना है। यूनिसेफ के मुताबिक प्रत्येक लड़की को सुरक्षित, स्वस्थ और शिक्षित बचपन का अधिकार है। भारत में आजादी के बाद से ही सरकारों ने बालिकाओं की स्थिति में सुधार लाने के लिए निरन्तर कदम उठाए हैं। समाज में लड़का-लड़की के भेदभाव को खत्म करने के उद्देश्य से ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, लड़कियों के लिए मुफ्त अथवा रियायती शिक्षा, कॉलेजों तथा विश्वविद्यालयों में महिलाओं के लिए आरक्षण जैसे अनेक अभियान और कार्यक्रम शुरू किए गए। आज हर क्षेत्र में बालिकाओं को बराबर का हक दिया जाता है लेकिन फिर भी समाज में उनकी सुरक्षा के लिए अभी बहुत कुछ किया जाना शेष है। भले ही बालिकाओं के साथ होने वाले अपराधों के खिलाफ कई कानून बनाए जा चुके हैं और 'सेव द गर्ल चाइल्ड' जैसे अभियान चलाए जा रहे हैं, फिर भी समाज में बालिकाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों का सिलसिला लगातार बढ़ रहा है ।बालिका दिवस मनाने का मूल उद्देश्य यही है कि बालिकाओं के लिए एक ऐसा समाज बनाया जाए, जहां उनके कल्याण की ही बात हो। लेकिन जिस प्रकार देशभर में बच्चियों और किशोरियों के साथ छेड़खानी, दुर्व्यवहार तथा बलात्कार के मामलों में निरन्तर बढ़ोतरी हो रही है, ऐसे में काफी चिंताजनक तस्वीर उभरती है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की एक रिपोर्ट के मुताबिक



2013 से 2017 के बीच दुनियाभर में लिंग चयन के जरिये 14.2 करोड़ को जन्म लेने से पहले ही कोख में मार दिया गया, जिनमें 4.6 करोड़ ऐसी भ्रूण हत्याएं कड़े कानूनों के बावजूद भारत में हुई थीं। हालांकि लिंगानुपात के मामले में स्थिति में कुछ सुधार अवश्य हुआ है लेकिन स्थिति संतोषजनक नहीं है। ऐसा नहीं है कि आजादी के बाद से बालिकाओं की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है बल्कि वे हर क्षेत्र में अपनी सशक्त भागीदारी निभाती दिख रही हैं। यह भी सच है कि उन्हें स्वयं को साबित करने के लिए ज्यादा संघर्ष का सामना करना पड़ता है। एनसीआरबी के मुताबिक बालिका दिवस शुरू करने के बाद वर्ष 2009 में महिलाओं के प्रति अत्याचारों में 4.05 फीसदी, 2010 में 4.79, 2011 में 7.05, 2012 में 6.83 फीसदी की वृद्धि हुई। वर्ष 2021 में तो महिलाओं के प्रति अपराधों में 63 फीसदी तक की वृद्धि दर्ज हुई। बालिकाओं की तस्करी के मामलों में भी तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। कुछ मामलों में तो दरिंदों द्वारा बलात्कार के बाद मासूम बच्चियों को जान से मार दिया जाता है ।बहरहाल, बालिका दिवस मनाए जाने की सार्थकता तभी होगी, जब बालिकाओं के प्रति होते भेदभाव के अलावा उनके प्रति समाज का दृष्टिकोण बदलने के भी गंभीर प्रयास हों। समाज में उन्हें भयमुक्त वातावरण प्रदान करने के लिए गंभीरता से कदम उठाए जाएं। आज भी कन्या भ्रूण हत्या से लेकर लैंगिक असमानता और यौन शोषण तक में कोई कमी नहीं है। लैंगिक भेदभाव समाज में आज भी एक बड़ी समस्या है। बालिका दिवस जैसे आयोजनों की सार्थकता तभी होगी, जब न केवल बालिकाओं को उनके अधिकार प्राप्त हों बल्कि समाज में प्रत्येक बालिका को उचित मान-सम्मान भी मिले।

विचार मंथन

# देश में पहली बार संविधान का अनुच्छेद 355 लागू, केंद्र एवं राज्य संवैधानिक दायित्व पर गैर जिम्मेदार

(लेखक- सनत जैन )

मणिपुर में 9 माह से अधिक हो चुके हैं। कुकी और मेतई समुदाय के बीच की आंतरिक अशांति अपने चरम पर है। अभी तक 200 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। केंद्र सरकार द्वारा 75 वर्षों के इतिहास में पहली बार संविधान के अनुच्छेद 355 का उपयोग करते हुए, मणिपुर को बाहय एवं आंतरिक अशांति से बचाने के लिए व्यवस्था अपने पास ले ली है। केंद्र सरकार द्वारा इसकी अधिकृत घोषणा को सार्वजनिक नहीं किया है। जिसके कारण मणिपुर में केंद्र एवं राज्य सरकार दोनों ही काबिज है। मणिपुर में जो अशांति फैली हुई है, उसके लिए संवैधानिक रूप से केन्द्र एवं राज्य जिम्मेदार है। जिस तरह सास बहू के झगड़े में पति की हालत बेचारगी की रहती है। ना वह पत्नी के पक्ष में बोल पाता है। नाही मां के पक्ष में बोल पाता है। कुछ इसी तरीके की स्थिति मणिपुर की बनी हुई है। पिछले कई महीनो से मणिपुर में मेतई और कुकी समुदाय के बीच में सशस्त्र संघर्ष हो रहा है। हाल ही में जब राहुल गांधी दोबारा भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर मणिपुर पहुंचे। उसके बाद केंद्र सरकार सजग हुई। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधिकारी मणिपुर पहुंचे। सर्व दलीय बैठक बुलाई गई। इस बैठक में इस बात का खुलासा हुआ, कि मणिपुर राज्य में अनुच्छेद 355 के तहत केंद्र सरकार ने अधिकार ले रखे हैं। पिछले 75 वर्षों में इस तरह की स्थिति बनने पर केंद्र सरकार, राज्यपाल की रिपोर्ट पर राज्य सरकार को बर्खास्त कर 356 के तहत सारे अधिकार अपने पास ले लेती थी। मणिपुर में डबल इंजन की सरकार है। राज्य के मुख्यमंत्री वीरेन सिंह मेतई समुदाय से आते हैं। इन्हीं के कार्यकाल में मेतई और कुकी समुदाय के बीच में संघर्ष की शुरुआत हुई। जिसके कारण हिंसा भड़की, महिलाओं को नग्न करके घुमाया गया। सैकड़ो लोगों की वहां पर हत्या हो गई। दोनों ही पक्षों के उग्रवादी संगठनों द्वारा सेना और पुलिस के शस्त्र लूट लिए गए। दोनों ही पक्षों द्वारा एक दूसरे के ऊपर सशस्त्र हमला किया गया। 9 महीने बीत जाने के बाद भी मणिपुर में शांति स्थापित नहीं हो पा रही है। हजारों लोग विस्थापित शिवरों में रहने के लिए मजबूर हैं। छोटे-छोटे बच्चे और महिलाएं मणिपुर में बहुत परेशान है। उन्हें नियमित जीवन जीने के लिए भी खाद्य और पोषण सामग्री नहीं मिल पा रही है। भारी ठंड में यहां के नागरिक परेशान है। मैतई समुदाय के एरिया में कुकी नागरिकों को जाना प्रतिबंधित और खतरे से खाली नहीं है। इसी तरीके से, कुकी समुदाय के एरिया में मैतई समुदाय के नागरिक प्रवेश नहीं कर पाते हैं। अस्पताल हो, थाना हो, सरकारी कार्यालय हों, उस एरिया में केवल उसी समुदाय के लोग ही देखने को मिलते हैं। सरकारी अधिकारी भी अपने ड्राइवर बदलकर उस इलाके में जा पाते हैं। ऐसी स्थिति पिछले कई महीनो से बनी मणिपुर में हुई है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधिकारी मणिपुर पहुंचे, स्थिति का जायजा लिया। मुख्यमंत्री वीरेन सिंह के नेतृत्व में यह कहा गया, कुकी समुदाय के लोगों को मणिपुर से बाहर कर मिजोरम भेजा जाए। केंद्रीय गृह मंत्रालय के जो अधिकारी गए थे। वहां की स्थिति को देखकर उनके भी हाथ पैर फूले हुए हैं। जिस तरह की स्थिति मणिपुर की बन चुकी है। उसे संभाल पाना केंद्र सरकार के लिए तब तक संभव नहीं है, जब तक वहां शांति स्थापित होने के बाद राजनीतिक तौर पर निष्पक्षता के साथ, स्थिति के वास्तविक स्वरूप को पहचान कर उसका निराकरण करना है। इस स्थिति में यदि केंद्र और राज्य सरकार सोचती है, कि यदि वह पुलिस और सैन्य प्रशासन का उपयोग करके स्थिति को नियंत्रण में कर लेगी, तो यह संभव नहीं है। राजनीतिक विश्लेषक तो यहां तक कहने लगे हैं, कि जिस तरीके की स्थिति मणिपुर की बन गई है। उसके बाद एक अलग राज्य के बिना स्थिति को नियंत्रित कर पाना संभव नहीं होगा।

मणिपुर की घटना का असर अब पूर्वोत्तर के राज्यों में तेजी के साथ दिखने लगी है। सबसे बड़े आश्चर्य की बात है, आजाद भारत में पहली बार अनुच्छेद 355 का उपयोग कर केंद्र सरकार ने मणिपुर को बाहरी घुसपैठ/आक्रमण और आंतरिक अशांति पर नियंत्रण के लिए सारे अधिकार अपने पास ले लिए हैं। उसके बाद भी केंद्र सरकार मणिपुर की घटनाओं और हिंसक वारदातों पर क्यों रोक नहीं लग पा रही है। इसको लेकर एक बड़ा प्रश्न चिन्ह खड़ा हो रहा है। मणिपुर की राज्यपाल आदिवासी हैं। केंद्र सरकार धारा 355 का उपयोग ना करके यदि 356 का उपयोग करती, तो राज्य सरकार को भंग करके राष्ट्रपति शासन लागू करके स्थितियों को आसानी से नियंत्रण में ला सकती थी। डबल इंजन की सरकार को बचाने के नाम पर मणिपुर में जो हिंसा हो रही है। उसके कारण पूर्वोत्तर के राज्यों में सबसे ज्यादा नुकसान भारतीय जनता पार्टी को ही होने जा रहा है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में इसकी तस्वीर उभर कर सामने आई है।



## गणतंत्र दिवस पर विशेष

# सलाम इंडिया

**वो** कौन सी चीजे हैं जिनसे भारतीय गणतंत्र विश्व में सबसे मजबूत माना जाता है। समूचे विश्व पर नजर डाली जाए तो सभी राष्ट्र किसी न किसी समस्याओं के घेर से घिरे हैं। कहीं आर्थिक मंदी तो कहीं बिगड़ते राजनीतिक हालात, कहीं तानाशाही तो कहीं गरीबी की दीवार। किसी राष्ट्र में कृषि तंत्र कमजोर तो कोई अपनी ही बनाई व्यवस्थाओं के बीच उलझा हुआ है। ऐसे में भारत के पास वे सभी अवसर मौजूद हैं जो तीसरी ताकत के रूप में अपना स्थान प्रबल बनाते हैं। इसके साथ ही गर हम कुछ कमियों को दूर करने में सफल हो जाते हैं तो देश के विकास का सिक्का विश्व में चलने से कोई नहीं रोक सकता।

हमारे संविधान ने हमें ऐसे अधिकार दिए हैं जिनके बल पर हमने समय-समय पर महसूस होने वाली जरूरतों के अनुसार अपने अधिकारों की मांग की है और उन मांगों को पूरा कराने के लिए जी जान एक कर दिए हैं। पिछले सालों में हमें कुछ ऐसे अधिकार मिले जिनसे हमारा गणतंत्र खूब मजबूत हुआ है। लंबे अंतराल के बाद आज हमने जो यह नई गणतंत्रीय व्यवस्था प्राप्त की है, वह मूलतः हमारे लिए अपरिचित नहीं है, आवश्यकता बस उस पुरानी स्मृति को फिर से जगाने की है। भारत गांवों का देश है और आज भी 60 फीसदी लोग गांवों में रहते हैं। समय के साथ संविधान में बदलाव आते रहे हैं। 2006 में इन लोगों को सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के रूप में एक तोहफा दिया। 2006-07 से 2008-09 तक इस योजना के तहत लगभग 7.80 करोड़ लोगों को रोजगार मिला। दो वक्त की रोटी कमाने में असमर्थ लोगों को भी राहत मिली है। फूड सिक्योरिटी बिल के तहत गरीबी रेखा से नीचे जी रहे लोगों को 25 किलो चावल और गेहूं 3 रुपए प्रति किलो की दर पर दिए जाते हैं। महिला आरक्षण बिल पहली बार 1996 में लोकसभा में प्रस्तावित किया गया था लेकिन कुछ पार्टियों के विरोध के चलते 2010 में यह बिल अमल में आ सका। इस बिल के आने के बाद राजनीति में महिलाओं की भागीदारी में बढ़ोत्तरी हुई है। 1 अप्रैल 2010 को देश के बच्चों को मिलने वाला शिक्षा का अधिकार शिक्षा के क्षेत्र में बहुत बड़ी पहल है। इस कानून के तहत 6 से 14 साल तक के सभी बच्चों को मुफ्त शिक्षा मिलेगी।

### इनसे भारतीय गणतंत्र मजबूत हुआ

#### लोकतंत्र

भारत को प्रजातांत्रिक देश होने का गौरव प्राप्त है। विश्व में भारत की ताकत एक मजबूत प्रजातंत्र के लिए जानी जाती है। भारत में चुनावों का सफल आयोजन कर सरकार का चयन एक बेहतर लोकतंत्र का सबसे बड़ा उदाहरण है। देश में लागू तथाकथित लोकतंत्र के बारे में एक और बात कही जाती है; वो यह कि हमारे यहां जनता का, जनता से, जनता के लिये शासन है।

#### आरटीआई

हमारी सरकार किस तरह काम कर रही है? किस प्रोजेक्ट पर कितना खर्च हुआ? किसने कहां की यात्रा की? यह सब अब आम आदमी से छुपा नहीं रह सकता है। हर आम आदमी आरटीआई का प्रयोग करके सरकारी गतिविधियों पर नजर रख सकता है। साल 2000 में अन्ना ने महाराष्ट्र में एक आंदोलन छेड़ा, जिसकी वजह से महाराष्ट्र सूचना का अधिकार कानून बना।

#### आईटी

गत शताब्दी में सूचना और संपर्क के क्षेत्र में अद्भुत प्रगति हुई है। इलेक्ट्रानिक वाणिज्य के रूप में ई-कॉमर्स, इंटरनेट द्वारा डाक भेजना ई-मेल द्वारा संभव हुआ है। ऑनलाइन सरकारी कामकाज विषयक ई-प्रशासन, ई-बैंकिंग द्वारा बैंक व्यवहार ऑनलाइन, शिक्षा सामग्री के लिए ई-एज्युकेशन आदि माध्यम से सूचना प्रौद्योगिकी का विकास हो रहा है।

#### सामरिक

भारत परमाणु प्रौद्योगिकी में विश्व के अग्रणी देशों में शामिल है। भारत की अग्नि 5 मिसाइल उन्नत तकनीक से लैस अंतरमहाद्वीपीय मिसाइल होगी जो 5000 से ज्यादा किलोमीटर से अधिक दूरी तक मार करेगी। उल्लेखनीय है कि मिसाइल के साथ ही भारत की वायुसेना और नौसेना विश्व में किसी भी देश को नाको तले चना चबाने का माद्दा रखती है।

#### आर्थिक

निर्यात ढांचे में सुधार और ट्रांजेक्शन लागत में कमी से भारत वर्ष 2014 तक निर्यात को दोगुना करने में कामयाबी हासिल कर सकता है। लेबर ब्यूरो के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2010-11 के दौरान ग्रामीण इलाकों में श्रमिकों को किए जाने वाले भुगतान में 20 फीसदी का इजाफा हुआ है। हमें ग्रामोन्मुखी नीतियों, कृषि मूल्य नीति और नरेगा पर कड़ी नजर डालनी होगी।

### ऐसे बना संविधान

19 अगस्त 1947 को भारतीय संविधान के निर्माण के लिए संविधान सभा की प्रारूप समिति गठित हुई। डा. भीमराव अम्बेडकर की अध्यक्षता में बारहवांअधिवेशन 24 जनवरी 1950 को हुआ। संविधान सभा के पहले अस्थायी अध्यक्ष सच्चिदानन्द सिन्हा और पहले स्थायी अध्यक्ष डा. राजेन्द्र प्रसाद तथा बी. एन. राव संवैधानिक सलाहकार थे। 26 जनवरी, 1950 को देश में संविधान लागू हो गया।

### देश में महिला सशक्तिकरण

सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए इस वर्ष राष्ट्रीय मिशन की स्थापना की है और आठ मार्च, 2010 को इसकी अधिसूचना जारी की गयी। मिशन का लक्ष्य महिला केंद्रित कार्यक्रमों को मिशन के रूप में लागू करना है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय गरीब और हाशिए पर रहने वाली महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए महिला प्रशिक्षण एवं रोजगार कार्यक्रम को सहयोग दे रहा है। इस योजना का लक्ष्य महिलाओं का कौशल उन्नयन, उद्यमिता कौशल का विकास, संपत्ति सृजन और उन्हें छोटे व्यवहारिक समूहों में एकजुट करना है ताकि लाभार्थी महिलाएं रोजगार सह आय सृजन गतिविधियां शुरू कर सकें।

### इनसे कमजोर होता है गणतंत्र

* **जातिवाद/क्षेत्रवाद** – यदि भारत की सामाजिक स्थिति की बात करें तो यहाँ जातिप्रथा छुआ-छूट, अमीरों द्वारा गरीबों का शोषण आदि तो पहले से ही चले आ रहे थे अब क्षेत्रवाद भी जोड़ पकड़ने लगा है। इसके कई उदाहरण हाल में ही महाराष्ट्र, दिल्ली, आसाम आदि कई जगहों पर देखने के लिए मिली हैं जहां दूसरे राज्यों से आने वाले लोगों के साथ काफी दुर्व्यवहार किया गया। यदि भारतीय राजनीती की बात करें तो यहाँ भी ऐसे लोग सिर्फ नाम मात्र के ही होंगे जिनकी आपराधिक पृष्ठभूमी ना रही हो। मगर इन सब को चुनने वाले भी तो हम खुद ही हैं तो फिर दोष किसे दें। इस स्थिति को बदलने के लिए आवश्यक है की युवाओं को राजनीती की ओर कदम बढ़ाने होंगे।

* **भ्रष्टाचार** – भारत, संसदीय प्रणाली की सरकार वाला एक प्रभुसत्ता सम्पन्न, समाजवादी धर्मनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य है। यह गणराज्य भारत के संविधान के अनुसार शासित है। लेकिन कुछ चुनौतियां आज भी कायम हैं; जिनमें से भ्रष्टाचार एक है। चुनौतियां समय के साथ बदलती रहती हैं। देश के विकास में सबसे बड़ा बाधक भ्रष्टाचार है। हिंदुस्तान सबसे बड़ा प्रजातंत्र होने के बावजूद दुनिया का 72 वां सबसे भ्रष्ट देश है। दुनिया में 86 ऐसे देश हैं, जहां भारत से कम भ्रष्टाचार है। आजादी के बाद से ही हम भ्रष्टाचार के साथ जूझ रहे हैं। वंचितों को न्याय दिलाने और समाज में असमानता दूर करने के लिए आवाज उठाने की चुनौती आज भी है।

# सारे जहां से अच्छा हिन्दुस्तां हमारा...

**हमारा** भारत देश धर्म और दर्शन के देश के रूप में जाना जाता है। यहां अनेकों धर्म को मानने वाले सदियों से एक साथ रह रहे हैं । हमारा देश विविधतायों से भरा हुआ है । यह विविधता कई स्तरों पर देखी जा सकती है। भाषा ,धर्म जाति, खान-पान, रहन-सहन, रीति-रिवाज और ऐसी ही न जाने कितनी विविधता है इस देश में भौगोलिक, सामाजिक, आर्थिक. धार्मिक, सांस्कृतिक और निःसंदेह वैचारिक विविधता ही इस देश की सबसे बड़ी शक्ति है। इन तमाम विविधतायों के बीच जो एक सूत्र हमे एक बनाता है, वह है एक भारत देश के रूप में हमारी साकार कल्पना। एक भारतीय के रूप में ही हमारी सही पहचान हो सकती है। यह भारत देश अपने आप में एक विश्व है, क्योंकि विश्व में निहित सभी विविधताएं भारत में मिल जाती है।

**हिन्दू धर्म**

विश्व के सभी धर्मों में सबसे पुराना धर्म है। ये वेदों पर आधारित धर्म है, जो अपने अन्दर कई अलग -अलग उपासना पद्धतियां, मत, सम्प्रदाय, और दर्शन समेटे हुए है। अनुयायियों की संख्या के आधार पर ये विश्व का तीसरा सबसे बड़ा धर्म है, संख्या के आधार पर इसके अधिकतर उपासक भारत में हैं और प्रतिशत के आधार पर नेपाल में है। हिन्दी में इस धर्म को सनातन धर्म अथवा वैदिक धर्म भी कहते हैं। इण्डोनेशिया में इस धर्म का औपचारिक नाम 'हिन्दू आगम' है। हिन्दू केवल एक धर्म या सम्प्रदाय ही नहीं है अपितु जीवन जीने की एक पद्धति है ' हिंसायाम दूयते या सा हिन्दू 'अर्थात जो अपने मन, वचन, कर्म से हिंसा से दूर रहे वह हिन्दू है और जो कर्म अपने हितों के लिए दूसरों को कष्ट दे वह हिंसा है। हिन्दू धर्म का 1960853110 साल का इतिहास है।

**पारसी धर्म**

पारसी शब्द का अर्थ फारस शब्द बदलकर, पारस बना और पारस से पारसी। फारस देश के रहने वाले व्यक्ति ही पारसी कहलाए। ईरान देश का ही प्राचीन नाम फारस था। आदि पारसी शब्द के अर्थ हैं। उद्मव, विकास एवं इतिहासहोरमज्द में विश्वास करने वाले अग्नि के उपासक पारसी कहलाते हैं। पारसी धर्म के तीन स्तंभ हैं- पवित्र विचार, पवित्र वाणी, पवित्र कार्य। दूसरे शब्दों में कहें तो मन, वचन और कर्म से पूर्ण पवित्रता का आचरण ही पारसी धर्म का मूल आधार है।

पारसी धर्म के प्रवर्तक का नाम जरधुश्त्र है। इस धर्म के मानने वाले 101 मनको (मोतियों) की माला से जाप करते हैं। जिस मंत्र का जाप पारसी करते हैं वह है 'अषम वोहूझ पारसी धर्म की सर्वप्रमुख धार्मिक पुस्तक का नाम 'अवेस्ताझ है।

**इस्लाम धर्म**

ईसाई धर्म के बाद अनुयाइयों के आधार पर दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा धर्म है। इस्लाम शब्द अरबी भाषा का शब्द है जिसका मूल शब्द सल्लमा है जिसकी दो परिभाषाएं हैं (1) शान्ति (2) आत्मसमर्पण।

इस्लाम एकेश्वरवाद को मानता है। इसके अनुयायियों का प्रमुख विश्वस है कि ईश्वर केवल एक है और पूरी सृष्टि में केवल वह ही प्रार्थना (इबादत) के योग्य है, और सृष्टि में हर वस्तु, जीवित और अजीवित, दृश्य और अदृश्य उसकी इच्छा के सामने आत्मसमर्पित और शान्त है। इस्लाम धर्म की पवित्र पुस्तक का नाम कुरआन है जिसका हिन्दी में अर्थ सस्वर पाठ है। इसके अनुयायियों को अरबी में मुस्लिम कहा जाता है, जिसका बहुवचन मुसलमान होता है। मुसलमानों के लिये मुहम्मद साहब ईश्वर के अन्तिम दूत थे।

**सिख धर्म**

सिख, या सिखी एकेश्वरवादी धर्म है। इस धर्म के अनुयायी को सिख कहा जाता है। सिखों का धार्मिक ग्रन्थ श्री आदि ग्रंथ या ज्ञान गुरु ग्रंथ साहिब है। आम तौर पर सिखों के 10 सतगुरु माने जाते हैं, लेकिन सिखों के धार्मिक ग्रंथ में 6 गुरुओं सहित 30 भगतों की बानी है, जिन की सामान सिख्याओं को सिख मार्ग पर चलने के लिए महत्त्वपूर्ण माना जाता है। सिखों के धार्मिक स्थान को गुरुद्वारा कहते हैं। 1469 ईस्वी में पंजाब में जन्मे नानक देव ने गुरमत को खोजा और गुरमत की सिख्याओं को देश देशांतर में खुद जा जा कर फैलाया था। सिख उन्हें अपना पहला गुरु मानते हैं। गुरमत का प्रचार बाकी 9 गुरुओं ने किया । 10 वे सतगुरु गोबिंद सिंह जी ने ये प्रचार खालसा को सौंपा और ज्ञान गुरु ग्रंथ साहिब की सिख्याओं पर अमल करने का उपदेश दिया।

**जैन धर्म**

जैन धर्म भारत की श्रमण परम्परा से निकला धर्म और दर्शन है। जैन धर्म की भगवान महावीर के पूर्व जो परम्परा प्राप्त है, उसके वाचक निगंठ धम्म (निर्ग्रन्थ धर्म), आर्हत् धर्म एवं श्रमण परम्परा रहे हैं। पार्श्वनाथ के समय तक 'चातुर्याम धर्म' था। भगवान महावीर ने छेदोपस्थानीय चारित्र (पांच महाव्रत, पांच समितियां, तीन गुप्तियां) की व्यवस्था की। 'जैन' कहते हैं उन्हें, जो 'जिन' के अनुयायी हों। 'जिन' शब्द बना है 'जि' धातु से। 'जि' माने-जीतना। 'जिन' माने जीतने वाला। जिन्होंने अपने मन को जीत लिया, अपनी वाणी को जीत लिया और अपनी काया को जीत लिया, वे हैं 'जिन'। जैन धर्म अर्थात 'जिन' भगवान का धर्म।

**बौद्ध धर्म**

बौद्ध धर्म भारत की श्रमण परम्परा से निकला धर्म और दर्शन है। इसके प्रस्थापक महात्मा बुद्ध शाक्यमुनि (गौतम बुद्ध) थे । वे छठवीं से पांचवीं शताब्दी ईसा पूर्व तक जीवित थे। उनके गुज़रने के अगले पांच शताब्दियों में, बौद्ध धर्म पूरे भारतीय उपमहाद्वीप में फैला, और अगले दो हज़ार सालों में मध्य, पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी जम्बू महाद्वीप में भी फैला गया । आज, बौद्ध धर्म में तीन मुख्य सम्प्रदाय हैंः थेरवाद, महायान और वज्रयान । बौद्ध धर्म को पैंतीस करोड़ से अधिक लोग मानते हैं और यह दुनिया का चौथा सबसे बड़ा धर्म है।

बुद्ध वे कहलाते हैं, जिन्होंने सालों के ध्यान के बाद यथार्थता का सत्य भाव पहचाना हो । इस पहचान को बोधि नाम दिया गया है।

**ईसाई धर्म**

ईसाई धर्म या मसीही धर्म अनुयाइयों की संख्या के मामले में दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक संप्रदाय है। ये ईसा मसीह के उपदेशों पर आधारित है। इसका धर्मग्रन्थ बाइबिल है। ईसाई एकेश्वरवादी हैं, लेकिन वे ईश्वर को त्रीएक के रूप में समझते हैं -- परमपिता परमेश्वर, उनके पुत्र ईसा मसीह (यीशु मसीह) और पवित्र आत्मा। सभी ईसाई प्रायः इस बात से सहमत हैं कि ईसा ने केवल एक ही चर्च की स्थापना की थी, किंतु अनेक कारणों से ईसाइयों की एकता अक्षुण्ण नहीं रह सकी। फलस्वरूप आजकल उनके बहुत से चर्च अथवा संगठन वर्तमान में हैं जो एक दूसरे से पूर्णतया स्वतंत्र हैं।



# 16 साल के शीर्ष पर पहुंच सकता है सरकार का सकल कर राजस्व

### - जीडीपी में 11.6 फीसदी हो सकती है हिस्सेदारी

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार का सकल कर राजस्व चालू वित्त वर्ष में 16 साल के शीर्ष पर पहुंच सतता है। एसबीआई रिपोर्ट के अनुसार सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अनुपात में इसके 11.6 फीसदी रहने की उम्मीद है। 2024-25 में सकल कर राजस्व दो दशकों में सर्वाधिक रहने की उम्मीद है। चालू वित्त वर्ष में टैक्स बजट अनुमान से 80,000 करोड़ रुपये ज्यादा रह सकता है। गैर टैक्स राजस्व 50,000 करोड़ ज्यादा रहने की उम्मीद है। इस दौरान केंद्र का खर्च भी 60,000 करोड़ बढ़ सकता है। राजकोषीय घाटा चालू वित्त वर्ष में कम होकर जीडीपी के अनुपात में 5.9 फीसदी रह सकता है। अंतरिम बजट में इसका लक्ष्य 5.5 फीसदी हो सकता है। जुलाई में पेश होने वाले पूर्ण बजट में यह और कम होकर 5.3 से 5.4 फीसदी के लक्ष्य पर आ सकता है। 2024-25 में केंद्र सरकार बाजार से 11.7 लाख करोड़ रुपये की उधारी ले सकती है। 3.6 लाख करोड़ का पुनर्भुगतान भी कर सकती है। सकल उधारी इस दौरान 15.3 लाख करोड़ रुपये रहने की उम्मीद जताई गई है। 2024-25 में अर्थव्यवस्था सालाना आधार पर 11 फीसदी बढ़कर 329 लाख करोड़ हो सकती है। इस दौरान कर राजस्व 10.5 फीसदी की तेजी के साथ 26.6 लाख करोड़ रह सकता है। गैर कर राजस्व बढ़कर 3.6 लाख करोड़ रहने की उम्मीद है। 2024-25 में केंद्र सरकार का खर्च 7.3 फीसदी बढ़कर 48.9 लाख करोड़ रहने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2025 में वास्तविक जीडीपी की वृद्धि दर 6.8 फीसदी रह सकती है। सरकार छोटी बचत योजनाओं को बढ़ाने के लिए जोर दे सकती है।




## अजीम प्रेमजी ने अपने बेटों को 1 करोड़ शेयर का दिया तोहफा

**मुंबई ।** विप्रो के संस्थापक अजीम प्रेमजी ने विप्रो के 1.02 करोड़ इक्विटी शेयर अपने दो बेटों रिशद प्रेमजी और तारिक प्रेमजी को उपहार के तौर पर हस्तांतरित कर दिए हैं। कंपनी ने शेयर बाजार को यह जानकारी दी। विप्रो के शेयर का वर्तमान में मूल्य 472.9 रुपये प्रति शेयर है। ऐसे में हस्तांतरित शेयरों की कीमत 483 करोड़ रुपये होती है। टेक दिग्गज अजीम प्रेमजी के बेटे रिशद प्रेमजी वर्तमान में विप्रो के कार्यकारी चेयरमैन हैं और आईटी उद्योग का एक प्रमुख चेहरा हैं। विप्रो की ओर से शेयर बाजार को दी जानकारी के अनुसार, मैं, अजीम एच. प्रेमजी आपको बताना चाहता हूं कि विप्रो लिमिटेड में मेरे 1,02,30,180 शेयर जो कंपनी की कुल शेयर पूंजी का 0.20 प्रतिशत हैं, उन्हें रिशद अजीम प्रेमजी और तारिक अजीम प्रेमजी को उपहार स्वरूप हस्तांतरित कर दिया गया है। हालांकि, इस लेन-देन से कंपनी में समग्र प्रवर्तकों और प्रवर्तक समूह की हिस्सेदारी में कोई बदलाव नहीं आएगा और प्रस्तावित लेन-देन के बाद भी यह समान रहेगी। विप्रो की ओर से शेयर बाजार को अलग से दी गई जानकारी में रिशद प्रेमजी ने बताया कि विप्रो लिमिटेड के 51,15,090 इक्विटी शेयर अजीम प्रेमजी से उपहार के रूप में मिले हैं। तारिक अजीम प्रेमजी ने भी अजीम प्रेमजी से उपहार स्वरूप 51,15,090 शेयर मिलने की जानकारी दी है।

## एमजी मोटर में जेएसडब्ल्यू की 38 फीसदी हिस्सेदारी खरीद को मंजूरी

**नई दिल्ली ।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने एमडी मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में 38 प्रतिशत हिस्सेदारी के जेएसडब्ल्यू समूह के प्रस्तावित अधिग्रहण को मंजूरी प्रदान कर दी है। एमडी मोटर इंडिया चीन के शंघाई की एसएआईसी मोटर की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है। सीसीआई ने कहा` कि आयोग ने एमजी मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की लगभग 38 प्रतिशत शेयर पूंजी के लिए जेएसडब्ल्यू वेंचर्स सिंगापुर प्राइवेट लिमिटेड के अधिग्रहण को मंजूरी दे दी। जेएसडब्ल्यू वेंचर्स सिंगापुर प्राइवेट एक नव निगमित इकाई जेएसडब्ल्यू इंटरनेशनल ट्रेडकॉर्प पीटीई की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है और सज्जन जिंदल के नेतृत्व वाले जेएसडब्ल्यू समूह से जुड़ी हुई है। एमजी मोटर इंडिया कंपनी के ब्रांड एमजी के तहत यात्री कारों (ईवी सहित) के निर्माण और बिक्री में लगी हुई है।

## चीन के सेंट्रल बैंक ने घटाई ब्याज दरें

### - 5 फरवरी से होंगी लागू

**मुंबई ।** चीन ने अर्थव्यवस्था की सेहत बनाने के लिए रिजर्व रेश्यो की जरूरत (आरआरआर) में 50 बेसिस प्वॉइंट की कटौती करने का फैसला किया है। ये कटौती 5 फरवरी से लागू होंगी। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था करीब एक लाख करोड़ यूआन (चीन की करेंसी) लंबी अवधि की पूंजी के तौर पर जारी करेगी। हाल ही में चीन ने घरेलू और विदेशी बाजारों के जरिए अपने बाजार को मजबूती देने के लिए कुछ कदम उठाए थे। बताते चलें कि चीन की अर्थव्यवस्था पर जोखिम लगातार बढ़ रहा है। यहां के कुछ बड़े रिटल एस्टेट डेवलपर्स पर गंभीर कर्ज का संकट मंडरा रहा है। चीन की सरकार अब यहां की रियल-एस्टेट सेक्टर से कर्ज का बोझ घटाने पर जोर दे रही है। आरआरआर में कटौती से लिक्विडिटी बढ़ेगी और फिर बैंक ग्राहकों को लोन जारी कर सकेंगे और अर्थव्यवस्था को सपोर्ट करने के लिए और भी अधिक बॉन्ड्स खरीद सकेंगे। चीन के केंद्रीय बैंक ने 2023 में आरआरआर में दो बार कटौती की थी। आखिरी बार यह कटौती सितंबर 2023 में हुई थी।



## ग्लेनमार्क ने जियांग्सू अल्फ़ामैब, 3डी मेडिसिन्स से किया लाइसेंस समझौता

**नई दिल्ली ।** कैंसर के इलाज में उपयोग होने वाले केएन035 (एन्वाफोलिमैब) के लिए ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड की शाखा ग्लेनमार्क स्पेशलिटी एसए (जीएसएसए) ने जियांग्सू अल्फामैब बायोफार्मास्युटिकल्स कंपनी और 3डी मेडिसिन्स (बीजिंग) कंपनी लिमिटेड के साथ एक लाइसेंस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी ने कहा कि समझौते के तहत ग्लेनमार्क को भारत, एशिया प्रशांत, पश्चिम एशिया, अफ्रीका, रूस, स्वतंत्र राज्यों के राष्ट्रमंडल (सीआईएस) और लैटिन अमेरिका में केएन035 (एनवाफोलिमैब) के लिए लाइसेंस मिलेगा। ग्लेनमार्क इन क्षेत्रों में एनवाफोलिमैब के आगे विकास, पंजीकरण और व्यावसायीकरण के लिए जिम्मेदार होगी। वहीं जियांग्सू अल्फामाब केएन035 के उत्पादन के लिए जिम्मेदार होगा और उत्पाद का विशेष आपूर्तिकर्ता होगी। ग्लेनमार्क फार्मास्यूटिकल्स के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कंपनी के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। इस उत्पाद को उभरते बाजारों में कैंसर रोगियों तक ले जाने और संभावित जीवन रक्षक उपचारों तक उनकी पहुंच में सुधार लाने की दिशा में सार्थक योगदान देने का मौका पाकर खुश हैं।

## टाटा स्टील का मुनाफा 513.37 करोड़ रहा, मगर आय कम

**मुंबई ।** घरेलू परिचालन में मजबूती से चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में टाटा स्टील का मुनाफा 513.37 करोड़ रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 2,223.84 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। हालांकि समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की परिचालन आय पिछले साल की समान तिमाही की तुलना में 3.10 फीसदी घटकर 55,311.88 करोड़ रुपये रही, जो बाजार के अनुमान से कम है। ब्लूमबर्ग ने कंपनी आय 57,810.7 करोड़ रुपये और मुनाफा 1,687.8 करोड़ रुपये रहने का अनुमान लगाया था। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में टाटा स्टील की आय 55,682 करोड़ रुपये रही थी और उसे 6,196.24 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। टाटा स्टील के एक व रिष्ठ अ धिकारी ने कहा कि वैश्विक परिचालन वातावरण जटिल है और चीन में आर्थिक नरमी के साथ ही भूराजनीतिक तनाव जिंसों के दाम को प्रभावित कर रहे हैं। हालांकि इन चुनौतियों के बावजूद अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में टाटा स्टील का मार्जिन बेहतर रहा है। कंपनी का भारतीय कारोबार दमदार रहा और एकल आधार पर टाटा स्टील का मुनाफा 4,653.04 करोड़ रुपये रहा। इस दौरान एकल आधार पर आय 34,681.90 करोड़ रुपये रही।




# Docmod हेल्थ टेक्नोलॉजीज का IPO खुला, कुछ ही घंटों में हुआ ओवरसब्सक्राइब

**मुंबई ।**

मुंबई स्थित डॉकमॉड हेल्थ टेक्नोलॉजीज लिमिटेड की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) गुरुवार, 25 जनवरी को खुल गई है और मंगलवार, 30 जनवरी को बंद हो जाएगी। कंपनी के पास स्वास्थ्य सेवा में परिणाम-आधारित शिक्षा के लिए एक वैश्विक मंच है। डॉकमॉड हेल्थ टेक्नोलॉजीज के आईपीओ का लक्ष्य 8,49,600 शेयर जारी करके 6.71 करोड़ रुपये जुटाने का है। रुपये का निर्गम मूल्य तय किया गया। 79 प्रति शेयर. आईपीओ बिल्कुल ताज़ा मुद्दा है। आईपीओ को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली और कुछ ही घंटों में इसे पूरी तरह से सब्सक्राइब कर लिया गया। एक्सचेंज डेटा से पता चला कि दोपहर 2.00 बजे इश्यू को 1.29 गुना ओवरसब्सक्राइब किया गया, जबकि रिटेल शेयर दो गुना से ज्यादा बढ़ गया। निवेशक न्यूनतम 1,600 शेयरों और उसके गुणकों के लिए बोली लगा सकते हैं। खुदरा निवेशकों के लिए, न्यूनतम आवेदन राशि रु. 1,26,400 है. उच्च निवल मूल्य वाले व्यक्तियों (एचएनआई) के लिए न्यूनतम आवेदन दो लॉट (3,200 शेयर) है, जिसकी राशि रु. 2,52,800 है।

कंपनी आईपीओ से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग आईटी बुनियादी ढांचे और ऑपरेटिंग सिस्टम खरीदने, वृद्धिशील कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए करने का इरादा रखती है। कंपनी में प्रमोटर की हिस्सेदारी मौजूदा 65.02% से घटकर 47.44% हो जाएगी। डॉकमॉड हेल्थ टेक्नोलॉजीज का इश्यू बुधवार, 31 जनवरी को आवंटित होने की उम्मीद है। शेयर शुक्रवार, 2 फरवरी को एनएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध होने की संभावना है। फेडेक्स सिक्योरिटीज प्रा. डॉकमॉड हेल्थ टेक्नोलॉजीज आईपीओ का बुक-रनिंग लीड मैनेजर है, जबकि बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड इश्यू का रजिस्ट्रार है। रिचव सिक्योरिटीज डॉकमॉड हेल्थ टेक्नोलॉजीज आईपीओ के लिए बाजार निर्माता है।

2017 में स्थापित, डॉकमॉड हेल्थ टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ऑनलाइन और ऑफलाइन शिक्षण मॉडल के माध्यम से दुनिया भर में स्वास्थ्य पेशेवरों और शिक्षार्थियों के लिए एकीकृत शिक्षण समाधान प्रदान करता है। कंपनी के ऑफ़लाइन शिक्षण मॉड्यूल में सम्मेलन और कार्यशालाएँ शामिल हैं और ऑनलाइन मॉड्यूल में कंपनी की सामग्री विकास टीम या चिकित्सा संस्थानों और चिकित्सा संघों (चिकित्सा पेशेवर निकाय) और विशेषज्ञों/राय नेताओं द्वारा विकसित पाठ्यक्रम शामिल हैं।

# चालू वित्त वर्ष में 15 फीसदी रह सकती है बैंकों की ऋण वृद्धिः रेटिंग एजेंसी

### - अगले वित्त वर्ष में बैंकों की ऋण वृद्धि घटकर 12 प्रतिशत ही रहने की आशंका

**मुंबई ।** रेटिंग एजेंसी इक्रा ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने बैंक ऋण वृद्धि अनुमान को बढ़ाकर 14.9-15.3 प्रतिशत कर दिया लेकिन अगले वित्त वर्ष में इसके घटकर 12 प्रतिशत ही रहने की आशंका जताई। इक्रा रेटिंग्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में 14.9-15.3 प्रतिशत की ऋण वृद्धि दर के साथ बैंक कर्ज 20.4-20.9 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच जाएगा। यह अब तक की सर्वाधिक वृद्धिशील बैंक ऋण वृद्धि होगी और 2022-23 में दर्ज 15.4 प्रतिशत वृद्धि के साथ 18.2 लाख करोड़ रुपये के पिछले स्तर को पार कर जाएगी। एजेंसी ने चालू वित्त वर्ष के लिए पहले 12.8-13 प्रतिशत ऋण वृद्धि का अनुमान जताया था। हालांकि बढ़ते वैश्विक गतिरोधों और जमा जुटाने में आ रही चुनौतियों की वजह से वित्त वर्ष 2024-25 में वृद्धिशील ऋण विस्तार की दर 19-20.5 लाख करोड़ रुपए तक सीमित रह जाएगी जो 11.7-12.6 प्रतिशत की वृद्धि दर को दर्शाता है। इसके पीछे उच्च आधार की भी बड़ी भूमिका होगी। रिपोर्ट कहती है कि कुछ क्षेत्रों में कमजोर निर्यात मांग, जिंस कीमतों में नरमी और जमा जुटाने में चुनौतियां वित्त वर्ष 2024-25 में बैंक ऋण वृद्धि को सुस्त कर सकती हैं। इसके अलावा एजेंसी का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2023-24 में कॉरपोरेट बॉन्ड जारी करने का आंकड़ा 9.6-9.9 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच जाएगा, जो वित्त वर्ष 2022-23 के 8.7 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड स्तर से अधिक होगा। चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में वृद्धिशील बैंक ऋण वृद्धि लगभग 16.9 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गई, जो एक साल पहले की समान अवधि के 14.1 लाख करोड़ रुपए से कहीं अधिक है। खुदरा खंड में 18 नवंबर, 2023 तक 33 प्रतिशत और गैर-बैंक वित्त (एनबीएफसी) खंड में 23 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि से इसे मजबूती मिली है। इक्रा रेटिंग्स के एक वे रिष्ठ अ धिकारी ने कहा कि एनबीएफसी कंपनियों के प्रबंधन वाली खुदरा परिसंपत्तियों की वृद्धि चालू वित्त वर्ष में 21-23 प्रतिशत की दर से होने की उम्मीद है।

## अयोध्या के लिए सस्ती फ्लाइट टिकट दे रहा स्पाइसजेट

**मुंबई ।** अयोध्या राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पूरी हो चुकी है। इस लेकर लोगों के बीच खुशी का माहौल है। सभी लोग अपने-अपने तरीके से इस पल को सेलिब्रेट कर रहे हैं। वहीं इस मौके को और खास बनाने के लिए एयलाइन कंपनी स्पाइसजेट ने भी अपने ग्राहकों से लिए सस्ते में फ्लाइट की घोषणा की हैं। यह फ्लाइट सेवा देश के अलग-अलग शहरों से शुरू की जाएगी। एयलाइन कंपनी ने देश के प्रमुख शहरों से 1622 रुपये में फ्लाइट टिकट पेश किया है। स्पाइसजेट के अनुसार, 1622 रुपये का किराया मुंबई-गोवा, दिल्ली-जयपुर और गुवाहाटी-बागडोगरा जैसे अच्छी यात्रा वाले घरेलू मार्गो को भी कवर करता है। इसके अलावा कुछ अन्य शहरों से भी इतने ही किराये पर फ्लाइट शुरू की गई है. 1 फरवरी से स्पाइसजेट अयोध्या के लिए डायरेक्ट कनेक्टिविटी शुरू कर रहा है। यह फ्लाइट्स चेन्नई, अहमदाबाद, दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, जयपुर, पटना और दरभंगा जैसे प्रमुख भारतीय शहरों को जोड़ेगा। इस ऑफर में अयोध्या से आने-जाने वाली नई उड़ानों पर इन्ट्रे वेंट्री शामिल है। स्पाइसजेट ने 22 जनवरी से ऑफर की शुरुआत की है, जिसकी 28 जनवरी तक बुकिंग की जा सकती है, जबकि 30 सितंबर 2024 तक यात्रा की जा सकती है। यह ऑफर सिर्फ कुछ चुनिंदा शहरों से शुरू किया गया है। इस ऑफर के तहत पहले आओ और पहले पाओ आधार पर सीटें मिलेगी। ग्रुप बुकिंग पर इस ऑफर का लाभ नहीं मिलेगा।

# सरकार ने भारतीय कंपनियों को आईएफएससी एक्सचेंजों में सीधे सूचीबद्धता की अनुमति दी

### - सूचीबद्धता की अनुमति के लिए फेमा में संशोधन के लिए अधिसूचना जारी

**नई दिल्ली ।**

सरकार ने इंटरनेशनल फाइनेंशियल सर्विसेज सेंटर (आईएफएससी) गिफ्ट सिटी में एक्सचेंजों पर घरेलू कंपनियों की प्रत्यक्ष सूचीबद्धता की अनुमति दे दी। वित्त मंत्रालय ने आईएफएससी में अंतरराष्ट्रीय एक्सचेंजों पर सूचीबद्धता की अनुमति के लिए फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट ऐक्ट (फेमा) में संशोधन के लिए अधिसूचना जारी की है। सूचीबद्धता को आसान बनाने के लिए संबंधित प्रावधान कंपनीज एक्ट में भी किए गए हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस संबंध में जुलाई में घोषणा की थी। यह पहल स्टार्टअप और अन्य घरेलू कंपनियों को वैश्विक बाजार तक पहुंच बनाने तथा गिफ्ट आईएफएससी के माध्यम से विदेशी मुद्रा में पूंजी एके त्रित करने के लिए पहुंच उपलब्ध कराएगी। बाजार विश्लेषकों का कहना है कि आईएफएससी एक्सचेंजों पर सूचीबद्ध से वैश्विक मानकों के हिसाब से बेहतर मूल्यांकन सुनिश्चित करने और विदेशी निवेश के साथ निवेशक आधार बढ़ाने में भी सहायता मिल सकती है। सूचीबद्ध और गैर-सूचीबद्ध, दोनों तरह की घरेलू कंपनियां आईएफएससी एक्सचेंजों पर अपने शेयर सूचीबद्ध करने में सक्षम होंगी। अब तक मौजूदा ढांचे में गैर-सूचीबद्ध सार्वजनिक भारतीय कंपनियों को अंतरराष्ट्रीय एक्सचेंजों पर अपने शेयर सूचीबद्ध कराने की अनुमति है, जबकि बाजार नियामक सेबी निजी भारतीय कंपनियों की सूचीबद्धता के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की प्रक्रिया में है। मौजूदा समय में इंडिया इंटरनैशनल एक्सचेंज और एनएसई इंटरनैशनल एक्सचेंज ही गिफ्ट-आईएफएससी में दो स्वीकृत अंतराष्ट्रीय एक्सचेंज हैं। सिर्फ अनिवासी और विदेशी निवेशक ही सूचीबद्ध कंपनियों में निवेश करने में सक्षम होंगे, जबकि घरेलू म्युचुअल फंड और निवेशक इसमें हिस्सा नहीं ले सकते। आईएफएससी प्राधिकरण ने उन कंपनियों के बारे में जानकारी भी साझा की है जो गिफ्ट सिटी में सूचीबद्धता के लिए आवेदन सौंप सकती हैं। जिन क्षेत्रों में एफडीआई प्रतिबंधित है, उनसे कंपनियों को सूचीबद्धता की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय एक्सचेंजों पर सूचीबद्ध इक्विटी शेयरों को कंपनी की विदेशी हिस्सेदारी में गिना जाएगा।

# नोएडा में पेट्रोल 35 और डीजल 32 पैसे सस्ता

**नई दिल्ली ।**

कच्चे तेल की कीमतों में एक बार फिर उछाल दिख रहा है। वैश्विक बाजार में गुरुवार को ब्रेंट क्रूड 80 डॉलर को पार कर गया है। इस बीच सरकारी तेल कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतें भी जारी कर दी हैं। आज कई शहरों में तेल की कीमतों में बदलाव दिख रहा है। हालांकि, दिल्ली-मुंबई जैसे देश के चारों महानगरों में तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ है। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार नोएडा में पेट्रोल 35 पैसे गिरकर 96.65 रुपये लीटर बिक रहा है तो डीजल 32 पैसे सस्ता होकर 89.82 रुपये लीटर हो गया है। राजस्थान की राजधानी जयपुर में पेट्रोल 3 पैसे महंगा होकर 108.48 रुपये लीटर पहुंच गया है, जबकि डीजल 3 पैसे की बढ़त के साथ 93.72 रुपये लीटर बिक रहा है। वैश्विक बाजार में गुरुवार को कच्चे तेल की कीमतों में थोड़ा उछाल दिख रहा है और ब्रेंट क्रूड एक बार फिर 80 डॉलर को पार कर गया है। ब्रेंट क्रूड का भाव 0.43 डॉलर चढ़कर 80.04 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। डब्ल्यूटीआई भी 1 डॉलर बढ़कर 75.44 डॉलर प्रति बैरल के भाव पहुंच गए हैं। दिल्ली पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.65 रुपये और डीजल 89.82 रुपये प्रति लीटर हो गया है। जयपुर में पेट्रोल 108.48 रुपये और डीजल 93.72 रुपये प्रति लीटर हो गया है।



# सेबी पर सोनी के साथ विलय नाकाम करने के प्रयास का लगाया गया था आरोप

**नई दिल्ली ।**

सोनी पिक्चर्स के साथ 10 अरब डॉलर का प्रस्तावित सौदा रद्द होने के कुछ दिन पहले जी समूह के संस्थापक सुभाष चंद्रा ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर बाजार नियामक सेबी पर इस सौदे को नाकाम करने की कोशिश का आरोप लगाया था।

सोनी पिक्चर्स नेटवर्क (अब कल्वर मैक्स) ने जी समूह की मीडिया फर्म जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड के साथ विलय समझौते को खत्म करने की घोषणा कर दी है। उसने विलय प्रक्रिया को निर्धारित समयसीमा के भीतर न पूरा किए जाने पर इसे रद्द कर दिया है। दोनों पक्षों के बीच दिसंबर, 2021 में 10 अरब डॉलर का विलय समझौता हुआ था और इसे दो साल में पूरा किया जाना था। एक महीने की विस्तारित समयसीमा पूरी होने के बाद भी नई इकाई के नेतृत्व पर सहमति नहीं बन पाई थी।

चंद्रा ने 16 जनवरी को लिखे इस पत्र में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) पर पूर्व-निर्धारित सोच से काम करने का आरोप लगाते हुए जी एंटरटेनमेंट के अल्पांश शेयरधारकों के हितों की रक्षा के लिए जरूरी कदम उठाने का अनुरोध किया था। इस पत्र में चंद्रा ने कहा कि जी एंटरटेनमेंट और अन्य सभी लोग कंपनी का पैसा दूसरी जगह भेजने के मामले की जांच में सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने कंपनी के पूर्व निदेशकों को सेबी की तरफ से नया नोटिस भेजे जाने पर चिंता भी जताई।

उन्होंने कहा कि मेरी चिंता इस नए नोटिस के समय और इसकी तात्कालिकता को लेकर है क्योंकि यह जी एंटरटेनमेंट और कल्वर मैक्स के विलय के पूरा होने की समयसीमा से मेल खाता है। चंद्रा ने कहा कि नोटिस में ऐसा कोई बिंदु नहीं है जो पहले से ही कंपनी के रिकॉर्ड का हिस्सा नहीं है। चंद्रा ने सेबी पर पूर्वाग्रह से ग्रस्त होकर काम करने का आरोप लगाते हुए कहा कि अपीलीय न्यायाधिकरण सैट ने उन्हें और उनके बेटे पुनीत गोयनका को किसी भी सूचीबद्ध इकाई में प्रमुख पद रखने पर प्रतिबंध लगाने के सेबी के आदेश पर रोक लगा दी थी।

चंद्रा ने कहा था कि मेरा दृढ़ विश्वास है कि इस स्तर पर जी एंटरटेनमेंट के पूर्व निदेशकों को नोटिस भेजना मीडिया मंचों के जरिये मामले को सनसनीखेज बनाने की एक कवायद प्रतीत होता है।

# सेबी का नया खुलासा नियम, ज्यादातर एफपीआई पर नहीं होगा असर

### निर्धारित निवेश सीमा का उल्लंघन करने का मामला

**नई दिल्ली ।**

निर्धारित निवेश सीमा का उल्लंघन करने के मामले में बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा कुछ रियायत दिए जाने से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) में से केवल 20 फीसदी को ही वास्तविक लाभार्थी से संबंधित अतिरिक्त अनिवार्य खुलासा करना पड़ सकता है। सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। किसी एक कारोबारी समूह में 50 फीसदी से अधिक हिस्सेदारी या भारतीय संपत्ति में 25,000 करोड़ रुपये से ज्यादा के विदेशी निवेश के मामले में एफपीआई को वास्तविक लाभार्थी (यूबीओ) का खुलासा 1 फरवरी से करना अनिवार्य होगा। हालांकि एफपीआई की श्रेणी के आधार पर उन्हें इस संबंध में विस्तृत विवरण जमा कराने के लिए 10 से लेकर 30 कार्यदिवस तक का समय दिया जाएगा। प्रभावित एफपीआई को अपने पोर्टफोलियो की होल्डिंग बेचने या उसे कम करने के लिए 30 दिन की अवधि समाप्त होने के बाद छह महीने की अतिरिक्त मोहलत दी जाएगी। इसका मतलब यह हुआ यदि विदेशी फंड वास्तविक लाभार्थी के बारे में विवरण प्रस्तुत नहीं करना चाहते हैं तो उन्हें कारोबार समेटने के लिए सात महीने का समय मिलेगा। ऐसे में घबराहट में बिकवाली की कोई संभावना नहीं है जैसा कि बाजार के कुछ भागीदारों ने आशंका जताई थी। सेबी के शुरुआती अनुमान के अनुसार निर्धारित सीमा से अधिक होल्डिंग वाले एफपीआई की संपत्ति 2.6 लाख करोड़ रुपये थी। नियामकीय सूत्रों ने कहा कि संरक्षकों को मानक संचालन प्रणाली में छूट मिलने से इसका वास्तविक असर काफी कम होगा। मामले के जानकार सूत्रों ने कहा कि सॉवरिन वेल्थ फंडों, चुनिंदा वैश्विक एक्सचेंजों पर सूचीबद्ध कंपनियां, सार्वजनिक रिटेल फंडों तथा विविध वैश्विक होल्डिंग वाली अन्य विनियमित साझा निवेश फर्मों के एफपीआई को अतिरिक्त खुलासे से छूट दी गई है। वर्तमान में एफपीआई का इक्विटी में निवेश 60 लाख करोड़ रुपये से अधिक का है। उद्योग के सूत्रों ने कहा कि अगर वास्तविक लाभार्थी से संबंधित अतिरिक्त खुलासे का पालन नहीं किया जाता है ।

## काउंटी खेलने जा रहे करूण



**नॉर्थम्पटन ।** भारतीय क्रिकेटर करूण नायर एक बार फिर इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट खेलने जा रहे हैं। घरेलू क्रिकेट में कर्नाटक की ओर से खेलने वाले करूण इस सत्र में इंग्लिश काउंटी चैम्पियनशिप में नॉर्थम्पटनशर की ओर से खेलेंगे। करुण को इस टीम की ओर से 7 काउंटी मैच खेलने हैं। उन्होंने पिछले सत्र में काउंटी में डिविजन वन में आखिरी 3 मैच खेलकर 78, 150 और 21 रन बनाए थे। वहीं टीम इस साल डिविजन टू में फिसल गयी है। इस बल्लेबाज ने मैं काउंटी चैम्पियनशिप की ओर से खेलने को लेकर खुशी जतायी है। साथ ही कहा कि अवसर देने के लिए वह कोच और कप्तान के आभारी हैं। इस बल्लेबाज ने भारतीय टीम की ओर से 6 टेस्ट और 2 एकदिवसीय खेले हैं। उन्होंने चेन्नई में 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ तिहरा शतक 303 रन बनाकर धूम मचायी थी पर इसके बाद भी वह टीमें जगह पक्की नहीं कर पाये। करुण टेस्ट में वीरेंद्र सहवाग के बाद तिहरा शतक लगाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज हैं। वहीं टूर्नामेंट के दूसरे हाफ में नायर की जगह पृथ्वी शॉ नॉर्थम्पटनशर की ओर से खेलेंगे। पृथ्वी ने गत वर्ष भी काउंटी में शानदार प्रदर्शन किया था पर इसके बाद चोटिल होने के बाद उन्हें बीच में ही काउंटी छोड़कर स्वदेश लौटना पड़ा था।

# मैरी कॉम ने कहा, अभी संन्यास नहीं ले रही

## मेरे बयान को गलत तरीके से पेश किया गया





**नई दिल्ली ।**

देश की शीष महिला मुक्केबाज मैरी कॉम ने कहा है कि वह अभी संन्यास नहीं ले रहीं हैं और इस प्रकार की जो भी खबरें आ रही हैं वह गलत हैं। छह बार की विश्वचैम्पियन रही मैरी कॉम ने कहा कि जब भी वह खेल को अलविदा कहेंगी स्वयं ही बता देंगी। साथ ही कहा कि मीडिया ने उनके बयान को गलत तरीके से पेश किया है। मैरी कॉम ने कहा ,'' मैंने अभी तक संन्यास की घोषणा नहीं की है पर मेरे बयान को तोड़ मरोड़कर पेश किया गया। जब भी मुझे संन्यास की घोषणा करनी होगी तो मैं स्वयं ही सभी को बताऊंगी। मैने कुछ मीडिया रिपोर्ट देखी हैं जिनमें कहा गया कि मैने खेल को अलविदा कह दिया जो सही नहीं है।''

साथ ही कहा, मैं 24 जनवरी को एक कार्यक्रम में भाग ले रही थी जहां मैं बच्चों की हौसलाअफजाई कर रही थी। तब मैंने कहा था कि मेरे भीतर अभी भी खेलों में नई ऊंचाइयां छूने की ललक है पर ओलंपिक में उम्र की एक तय सीमा होने से मैं भाग नहीं ले सकती। मैं हालांकि, अपना खेल जारी रख सकती हूं और मेरा ध्यान अपनी फिटनेस पर बना हुआ है।'' गौरतलब है कि मैरी कॉम 2014 में दक्षिण कोरिया के इंचियोन में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला मुक्केबाज बनी थी। मैरी कॉम को कई राष्ट्रीय अवार्ड भी मिले हैं।

### अंतरराष्ट्रीय नियमों के कारण प्रतियोगिताओं में खेलने की अनुमति नहीं मिलती

वहीं इससे पहले इस महिला मुक्केबाज ने कहा था कि वह अब 41 वर्ष की हो गयी हैं और अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) पुरुष और महिला मुक्केबाजों को केवल 40 वर्ष की आयु तक ही प्रतियोगिता में लड़ने की अनुमति देता है , ऐसे में अब वह आगे नहीं खेल सकतीं पर कहा कि खेलों में लड़ने और जीतने की भूख अभी भी उनमें है। इसलिए वह आगे खेलना चाहती हैं लेकिन उम्र के कारण वह ऐसा नहीं कर सकती हैं।

ये एक प्रकार से उनके लिए बदकिस्मती की तरह है। इसी वजह से मुझे सन्यास का फैसला करना पड़ रहा है। उनके इस बयान से ही संन्यास की खबरें उड़ीं थीं।

# रुट भारत-इंग्लैंड मैचों में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने

## सचिन का रिकार्ड तोड़ा

**हैदराबाद ।**

इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ने यहां भारतीय टीम के खिलाफ पहले ही टेस्ट मैच में एक अहम रिकार्ड अपने नाम किया है। रुट अब भारत-इंग्लैंड टेस्ट मैचों में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने भारतीय टीम के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को रिकार्ड तोड़ा। रुट ने इस मैच में 10 रन पूरे करते ही तेंदुलकर का सबसे अधिक रनों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। रुट ने इंग्लैंड की पहली पारी के 21वें ओवर में अक्षर पटेल की गेंद पर चौका लगाकर इस रिकॉर्ड को तोड़ा। रुट ने इस पारी में 29 रन बनाये। रूट के अब भारत-इंग्लैंड टेस्ट मैचों में 2554 रन हो गये हैं जबकि इससे पहले तेंदुलकर के नाम 2535 रन थे। वहीं पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर के नाम 2348 थे। इंग्लैंड की ओर से एलिस्टेयर कुक के नाम 2431 रन थे। रूट ने भारत के खिलाफ 25 मैचों में 63.15 के औसत से



2,526 रन बनाए हैं। इस पारी में उन्होंने 9 शतक और 10 अर्धशतक लगाये। इससे पहले सचिन ने पहले इंग्लैंड के खिलाफ 32 मैचों में 51.73 की औसत से 2,535 रन बनाकर रिकॉर्ड बनाया था। तेंदुलकर ने इस दौरान 7 शतक और 13 अर्धशतक लगाये थे।



## बोपन्ना और एब्डेन ऑस्ट्रेलियन ओपन पुरुष युगल के फाइनल में पहुंचे

**मेलबर्न ।** भारत के अनुभवी टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके स्थानीय जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस के पुरुष युगल के फाइनल में पहुंच गये हैं। 43 साल के बोपन्ना ने एब्डेन के साथ मिलकर चेकगणराज्य और चीनी जोड़ी झैंग झीझेन और थॉमस मैचेक को 6-3, 3-6, 7-6 (10-7) से हराया। दूसरी वरीयता प्राप्त भारत और ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी की जोड़ी मैच में हावी रही। बोपन्ना और एबडेन एक जोड़ी के रूप में लगातार दूसरी बार किसी ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंचे हैं। बोपन्ना और एबडेन ने इससे पहले क्वार्टर फाइनल में छठी वरीयता प्राप्त अर्जेंटीना के मैक्सिमो गोंजालेज और एन्ड्रेस मोल्टेनी को 6-4, 7-6 (7-5) से हराया था। इस बात के बाद बोपन्ना टूर्नामेंट के बाद एटीपी टूर युगल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच जाएंगे, जिससे वह इतिहास में सबसे उम्रदराज विश्व के नंबर एक खिलाड़ी बन जाएंगे। वह ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लिएंडर पेस, महेश भूपति और सानिया मिर्ज़ा के बाद युगल में विश्व नंबर 1 पर पहुंचने वाले चौथे भारतीय टेनिस खिलाड़ी होंगे। बोपन्ना मास्टर्स इवेंट में पुरुष युगल खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भी हैं।

# पहला टेस्ट : भारतीय टीम ने इंग्लैंड को 246 रनों पर समेटा

## अश्विन और जडेजा ने तीन-तीन विकेट लिए

**हैदराबाद ।**

आर अश्विन और रविचंद्रन अश्विन की शानदार गेंदबाजी से भारतीय क्रिकेट टीम ने मेहमान टीम इंग्लैंड को पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के पहले ही दिन 246 रनों पर समेट दिया। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया पर वह भारतीय स्पिनरों के सामने टिक नहीं पायी। अश्विन ने 61 रन देकर तीन जबकि जडेजा ने भी 88 रन देकर इतने ही विकेट लिए। वहीं अक्षर और बुमराह को भी 2-2 विकेट मिले। इंग्लैंड ने आक्रामक रणनीति अपनायी पर कप्तान बेन स्टोक्स 70 के अलावा उसके अन्य सभी रन बनाने में विफल रहे। पारी की शुरुआत करते हुए इंग्लैंड का पहला विकेट 55 रन पर गिरा। बेन डकेट 11.5 ओवर में आर अश्विन की गेंद पर आउट हुए। डकेट ने 35 रन बनाए। इसके बाद रविन्द्र जडेजा ने ओली पॉप को एक रन पर ही पेवेलियन भेज दिया। वहीं इसके बाद अश्विन ने जैक क्रॉली को आउट कर मेहमान टीम को तीसरा झटका दिया। क्रॉली ने 20 रन बनाए। लंच तक उसने तीन विकेट के नुकसान पर 108 रन बना लिए थे। लंच के बाद मेहमान टीम के बल्लेबाजों ने खेलना शुरु किया पर वह कुछ खास नहीं कर पाये। जॉनी बेयरस्टो ने 58 गेंदों पर 37 रन बनाये। अक्षर पटेल ने उन्हें आउट किया। वहीं अनुभवी बल्लेबाज जो रूट को जडेजा ने आउट किया। रूट ने एक चौके की सहायता से 60 गेंदों पर 29 रन बनाए। बेन फॉक्स केवल 4 रन पर ही आउट हो गये। और अक्षर की 42वें ओवर की पांचवीं



गेंद पर भरत के हाथों कैच आउट हो गए। बुमराह को भी सफलता मिली और रेहान अहमद ने 13 रनों पर उसे आउट कर दिया। टॉम हार्टले ने 24 गेंदों पर 23 रन बनाए। मार्क वुड 11 रन बनाकर अश्विन को शिकार बने।

## संक्षिप्त समाचार



### भारतीय महिला हॉकी टीम ने हॉकी5एस महिला विश्वकप में पोलैंड को 5-4 से हराया

**मस्कट ।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने आज यहां एफआईएच हॉकी5एस महिला विश्वकप 2024 टूर्नामेंट के पूल सी के मैच में पोलैंड को 5-4 से हरा दिया। इस मैच में भारतीय टीम की ओर से मुमताज और दीपिका ने गोल दागे। पहले हाफ की शुरुआत में ही मुमताज खान ने चौथे मिनट में ही एक गोल दागकर भारतीय टीम को 1-0 से आगे कर दिया। इसके दो मिनट बाद ही दीपिका सोरेंग ने छठें मिनट में एक और मैदानी गोल कर भारतीय टीम को 2-0 से आगे कर दिया। वहीं पोलैंड की ओर से आठवें मिनट में जूलिया कुचारस्का ने और मार्लेना रयबाचा ने 10वें मिनट में गोल कर स्कोर बराबरी पर ला दिया। भारत की मुमताज ने 14वें मिनट में एक और गोल कर भारत को फिर 3-2 से आगे कर दिया। वहीं दूसरे हाफ में मारियाना कुजूर ने 23 मिनट में एक गोल दागकर भारतीय टीम को फिर 4-2 से बढ़त दिला दी। इसके बाद पोलैंड की पाउला स्लाविंस्का ने 27 मिनट में और मोनिका पोलेवजाक के 29वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को को बराबरी पर ला दिया लेकिन दीपिका सोरेंग ने 29 मिनट में एकगोल कर भारतीय टीम को 5-4 से आगे कर दिया। इसके बाद ये बंढ़त अंत तक बनी रही और भारतीय टीम को जीत मिल गयी।

### नागल को एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट बेंगलुरु ओपन में सीधे प्रवेश मिला

**बेंगलुरु।** भारत के 137वीं रैंकिंग के सुमित नागल को 10 फरवरी से यहां शुरु हो रहे एटीपी चैलेंजर टेनिस टूर्नामेंट बेंगलुरु ओपन में सीधे प्रवेश मिला है। पिछले सप्ताह ही नागल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में ने सोमदेव देववर्मन के बाद पहुंचने वाले दूसरे भारतीय पुरुष खिलाड़ी बने थे। बेंगलुरु ओपन के लिए 'कट-ऑफ 257 रैंकिंग है। वहीं सुमित की रैंकिंग 137 है। इस प्रकार वह एटीपी 100 चैलेंजर टूर्नामेंट के मुख्य ड्रा के लिए क्वालीफाई करने वाले 11 देशों के 21 खिलाड़ियों में शामिल किये गये हैं। नागल ने साल 2017 में बेंगलुरु ओपन जीता था। उन्होंने कहा कि यह चरण कठिनाई भरा होने की उम्मीद है क्योंकि इसमें कई बड़े दावेदार शामिल रहेंगे। ये देखना भी रोमांचक रहेगा। साथ ही कहा कि मैं इस टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए तैयार हूं। वहीं फ्रांस के बेंजामिन बोंज की विश्व रैंकिंग 106 है और वह इस टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले खिलाड़ी हैं। इस टूर्नामेंट का आयोजन कर्नाटक राज्य लॉन टेनिस संघ (केएसएलटीए) द्वारा किया जा रहा है।



# विराट के बाहर रहने के कारणों पर बोले डिविलियर्स, हमें जल्द ही कुछ अच्छा सुनने को मिलेगा

**नई दिल्ली ।**

भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने निजी कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैचों से अपना नाम वापस ले लिया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अनुसार विराट निजी कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट नहीं खेल रहे और प्रशंसकों के साथ ही सभी को उनकी निजता का सम्मान करना चाहिये। इसी को लेकर आईपीएल टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के उनके साथी रहे दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ए बी डिविलियर्स ने कहा है कि विराट ने क्यों ब्रेक लिया है, वह नहीं जानते पर अगर जानते भी होते तो बताते नहीं।



डिविलियर्स ने कहा, किसी को नहीं पता है कि क्या हुआ है पर मैं जानता हूं कि हमें जल्द ही कुछ अच्छा सुनने को मिलेगा। जब विराट निजी कारणों से ब्रेक ले रहे हैं तो इसमें एक अच्छा कारण छिपा हो सकता है। हो सकता है कि वे थक गए हो और उन्हें आराम की जरूरत हो क्योंकि वह लगातार क्रिकेट खेल रहे हैं। इसके अलावा ये भी हो सकता है कि उनका परिवार किसी परेशानी में हो। मैं जल्द ही इस बारे में पता कर लूंगा पर उसका खुलासा नहीं करुंगा क्योंकि विराट की दोस्ती मेरे लिए काफी अहम है। वहीं इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने विराट के फैसले को लेकर कहा, अगर एक खिलाड़ी निजी कारणों से अपना नाम वापस लेता है तो उसका सम्मान करो। गौरतब है कि कोहली और पीटरसन काफी अच्छे दोस्त रहे हैं। दोनों ही खिलाड़ी आईपीएल 2009 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर का हिस्सा थे।

## श्रीलंका ने अंडर-19 विश्वकप क्रिकेट में नामीबिया को हराया

**किंबरली ।** श्रीलंका ने अंडर 19 विश्वकप में नामीबिया को 77 रनों से हरा दिया। इस मैच में श्रीलंका की जीत में सुपुन वाडुगे के नाबाद 56 रनों की अर्धशतकीय पारी की अहम भूमिका रही। इसके बाद गेंदबाजी के दौरान रुविशन परेरा और विश्व लाहिरू ने तीन-तीन विकेट लिए। इस मैच में श्रीलंकाई टीम ने नामीबिया को 56 रन पर आउट कर दिया। इसके बाद जीत के लिए 134 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए नामीबियाई पारी लड़खड़ा गयी और उसके खिलाड़ी एक के बाद एक पेवेलियन लौटते गये। नामीबिया की ओर से पीटर-डैनियल ब्लिग्नौ ने नाबाद 18 रन बनाए। वहीं हैनरो बैडेनहॉर्स्ट 11 रन बनाकर पेवेलियन लौटे। वहीं अन्य बल्लेबाज दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पाये और पूरी टीम 27 ओवर में ही 56 रनों पर सिमट गयी। वहीं श्रीलंका की ओर से रुविशन परेरा और विश्व लाहिरू ने 3-3 लिए जबकि दो विकेट दिनुरा कालूपहाना ने लिए। टॉस जीतकर नामीबिया ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। वहीं पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत खराब रही है और उसने 29 के स्कोर पर अपने 2 विकेट खो दिये। वहीं सुपुन वाडुगे एक छोर पर जमे रहे। उन्होंने सबसे अधिक 56 रन बनाए। रुसांडा गैमगे ने 17 रन जबकि शरुजन शन्मुगनाथन ने 13 रन और कप्तान सिनेथ जयवर्धने 10 रन बनाये। इस प्रकार पूरी टीम 37.5 ओवर में 133 रन ही बना पायी।



## अश्विन और जडेजा की जोड़ी सबसे अधिक विकेट लेने वाली भारतीय जोड़ी बनी

**हैदराबाद ।** भारतीय स्पिनरों आर अश्विन और रवींद्र जडेजा ने यहां इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के पहले ही दिन एक अहम उपलब्धि हासिल की। इस जोड़ी ने इस मैच में कुल छह विकेट लेने के साथ ही अनिल कुंबले और हरभजन सिंह के सबसे सबसे अधिक विकेट लेने के रिकार्ड को तोड़ दिया ओर वह सबसे अधिक विकेट लेने वाली भारतीय जोड़ी बनी। अश्विन और जडेजा की जोड़ी ने इस मैच के साथ ही 50 टेस्ट मैचों में अब 503 विकेट लिए हैं जबकि कुंबले और हरभजन के नाम 54 मैचों में 501 विकेट हैं। वहीं किसी गेंदबाजी जोड़ी के सबसे अधिक विकेट लेने के रिकार्ड के मामले में इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड पहले नंबर पर है। इस जोड़ी ने 138 टेस्ट मैचों में ही 1039 विकेट लिए हैं। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिय के मिचेल स्टार्क और नाथन ने 81 टेस्ट में 643 विकेट लिए हैं।

# भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ 4-1 से सीरीज जीतेगी : कुंबले

**मुंबई ।**

दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले ने भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज को लेकर कहा है कि भारतीय टीम इसमें 4-1 से जीतेगी। कुंबले ने कहा कि इंग्लैंड के स्पिन गेंदबाजी आक्रमण को काफी कम अनुभव है जिसका लाभ भारतीय टीम को मिलेगा और उसे आसानी से जीत मिल जाएगी। इंग्लैंड ने हैदराबाद टेस्ट के लिए तीन स्पिनरों जैक लीच, टॉम हार्टले और रेहान अहमद के अलावा केवल एक तेज गेंदबाज मार्क वुड को शामिल किया है। कुंबले ने कहा कि यह देखना अहम होगा कि इंग्लैंड के टीम किस तरह से गेंदबाजी करती है। कुंबले ने कहा कि यह सब इस बात पर भी आधारित रहेगा कि जैक लीच के नेतृत्व में स्पिन आक्रमण किस प्रकार अपना काम करता है। इंग्लैंड टीम प्रबंधन ने पिच को देखा है और उनका मानना है कि यह टर्न लेगी। उन्होंने कहा कि इसलिए लाइन अप में उसने केवल एक तेज गेंदबाज को रखा है।

यह देखना अहम होगा कि वे कैसा प्रदर्शन करते हैं क्योंकि मैंने निश्चित रूप से सोचा था कि जब हैरी ब्रूक अनुपलब्ध था तो उनके पास विकेटकीपर के रूप में जॉनी बेयरस्टो के साथ जाने का विकल्प था और इसके साथ ही वे एक और तेज गेंदबाज ला सकते थे पर उन्होंने बेन फॉक्स को शामिल किया जिससे साफ है कि कि टीम केवल एक तेज गेंदबाज के साथ होगी।




हमें नहीं पता कि बेन स्टोक्स कितनी गेंदबाजी करेंगे। यह देखना दिलचस्प होगा कि वे कैसा प्रदर्शन करते हैं लेकिन यह गेंदबाजी लाइन अप काफी कम अनुभवी है। कुंबले ने कहा कि नये खिलाड़ियों हार्टले और रहान के लिए से सीरीज आसान नहीं रहेगी। इन दोनो के लिए ही युवा स्पिनरों विशेषकर रेहान और हार्टले के लिए इस भारतीय बल्लेबाजी लाइनअप पर अंकुश लगाना एक बड़ी चुनौती होगी। कुंबले ने कहा कि मौसम बाधक नहीं बना तो मैं कह सकता पर भारतीय टीम ये सीरीज जीतेगी।

## फ्रेंचाइजी क्रिकेट के बाद भी मुझे टेस्ट प्रारुप है पसंद : रोच

**नई दिल्ली ।** वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज केमार रोच ने कहा है कि अभी भी उनके देश में टेस्ट क्रिकेट को सबसे अधिक पसंद किया जाता है। रोच के अनुसार टी20 लीग और फ्रेंचाइजी क्रिकेट के प्रति बढ़ते आकर्षण के बाद भी टेस्ट क्रिकेट हमारे दिलों में है। उन्होंने कहा, फ्रेंचाइजी क्रिकेट एक बड़ा ध्यान भटकाने वाली चीज है पर लोग अभी भी लाल गेंद वाले क्रिकेट का आनंद लेना चाहते हैं। घरेलू मैदान पर टेस्ट क्रिकेट अभी भी वेस्टइंडीज के लोगों के दिलों में है। रोच अभी अपनी करियर के अंतिम छोर पर हैं। उन्होने वेस्टइंडीज की ओर से 145 टेस्ट पारियों में 267 विकेट लिए हैं। इस क्रिकेटर ने वेस्टइंडीज क्रिकेट के पूर्व क्रिकेटरों का याद करते हुए कहा कि मुझे अब भी टेस्ट प्रारुप सबसे अच्छा लगता है। रोच ने कहा, मुझे टेस्ट क्रिकेट पसंद है। ईमानदारी से कहूं तो, मुझे लाल गेंद प्रारूप सबसे अधिक पसंद है। मैंने एकदिवसीय और टी20 प्रारूप भी खेला है पर मुझे लगता है कि मेरा दिल हमेशा ही टेस्ट क्रिकेट में बसा है। मैं भी जोएल गार्नर, मैल्कम मार्शल, कर्टली एम्ब्रोस, कर्टनी वॉल्श जैसे दिग्गजों के साथ अपना नाम चाहता हूं। रोच ने टी20 में अपना अंतिम मैच 2018 में खेला था। वहीं बीबीएल में रोच ने वाका में पर्थ स्कॉर्चर्स के खिलाफ 18 रन देकर 3 विकेट लेकर ब्रिसबेन हीट को जीत दिलायी थी। रोच ने कहा कि वेस्ट इंडीज के युवा खिलाड़ियों को टेस्ट क्रिकेट पर अधिक ध्यान देना चाहिये।



# मां शाकंभरी मंगलपाठ का हुआ आयोजन



सुरत भूमि, सूरत। पौष पूर्णिमा देवी शक्ति मां शाकंभरी का प्राकट्य दिवस होता है। इस अवसर पर गुरुवार को वीआईपी रोड वेसु स्थित शिवनंदन रेजीडेंसी में राजश्री विश्वनाथ पचेरिया के निवास स्थान पर मां शाकंभरी का मंगलपाठ का आयोजन किया गया। ज्योत प्रजावल्लन के बाद उषा खेतान ने माँ शाकंभरी के जीवन चरित्र पर आधारित मंगलपाठ की शुरुआत गणेश वंदना, पितृ वंदन और गुरु वंदना के साथ की। इस दौरान भजनों के माध्यम से मां को रिझाया गया। आयोजन में करीबन 125 मातृशक्ति ने मंगलपाठ कर मां शाकंभरी की महिमा का गुणगान किया।

# भगवान महावीर इंटरनेशनल स्कूल, सूरत द्वारा 75वें गणतंत्र दिवस का आयोजन किया गया





**सुरत।** भगवान महावीर इंटरनेशनल स्कूल, सूरत द्वारा 75वें गणतंत्र दिवस का आयोजन किया गया। 26 जनवरी को वार्षिक खेल एवं प्रशंसा दिवस मनाया गया। छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और राष्ट्रीय नायकों को श्रद्धांजलि दी। माननीय मुख्य अतिथि डी.ई.ओ. साहेब ने स्कूल प्रबंधन के साथ मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य प्रदर्शन में भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। दिन उत्साह और मौज-मस्ती से भरा था। यह कार्यक्रम न केवल खेल के लिए बल्कि छात्रों के पारस्परिक संबंधों को बढ़ाने के लिए आयोजित किया गया था। वहां लोगों की भारी भीड़ थी।

बीएमआईएस 25/01/2024 को वार्षिक खेल दिवस और प्रशंसा दिवस मनाएगा सभी मैदान में एकत्र थे। पूरे वर्ष छात्रों के उत्कृष्ट प्रयासों जैसे उच्चतम उपस्थिति, शैक्षणिक उत्कृष्टता को सम्मानित किया गया।

यही उनके लिए प्रेरणा बन रहा था। कर्मचारियों की कड़ी मेहनत और समर्पण छात्रों की शैक्षणिक और पाठ्येतर गतिविधियों में महत्वपूर्ण योगदान देता है। स्कूल के विकास और युवा दिमाग को ढालने में उनके अथक प्रयासों को सम्मानित किया गया। यह सचमुच एक यादगार अवसर था। इसने न केवल राष्ट्रीय गौरव बल्कि छात्रों और स्टाफ सदस्यों की उपलब्धियों का भी जश्न मनाया।

# मतदाता गोष्ठी का हुआ आयोजन





सुरत भूमि, सूरत। गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नवमतदाता को वर्चुअली संबोधित किया गया। वेसू केनाल रोड स्थित पनोरमिक एजुकेशन द्वारा इस मौक़े पर मतदाता गोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजन में नवमतदाता को प्रोजेक्टर पर मोदीजी का कार्यक्रम दिखाया गया एवं नवयुवाओं को मतदान के फ़ायदे बताए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं की लोकतंत्र में भागीदारी को समझाना एवं उन्हें मतदाता कार्ड बनवाने के किए प्रेरित करना रहा। इस मौक़े पर अनेकों युवा एवं नवमतदाता उपस्थित रहें।

# राम मंदिर प्रतिष्ठा समारोह में एनआरआई भारतीयों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया



**सुरत भुमि, सूरत।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में एनआरआई भारतीयों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. हांगकांग, चीन, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों से ये प्रतिनिधि खास तौर पर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हिस्सा लेने के लिए अयोध्या पहुंचे थे। जिनमें सोहन गोयनका, राज कुमार सबनानी, सुरेश पंसारी, आशा गोयनका, मंजू पंसारी, रमेश चंद्र शर्मा, राजेश शर्मा, सीमा शर्मा, पवन सराफ, मनमोहन गोयनका, प्रमिला गोयनका, लता अहीर, मनोज आसवानी, संजय जालान, राजश्री जालान, राजेश जालान आदि उपस्थित थे। उषा खेमानी, दिलीप पीरामल, सत्येन दलाल, प्रशांत अग्रवाल।

सोहन गोयनका ने कहा कि करोड़ों भारतीय इस पवित्र दिन के लिए वर्षों से संघर्ष कर रहे हैं और हम सभी भारतीय और विदेशों में बसे भारतीय हर संभव योगदान देकर इस संघर्ष में शामिल हुए हैं। वर्ष 2017-2018 में हम सभी ने राष्ट्रपति महामहिम श्री राम नाथ जी कोविद और मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ और अमित शाह जी से मुलाकात की और राम मंदिर के निर्माण में यथासंभव योगदान दिया।

आज हम सभी बहुत खुशी और सम्मान के साथ यहां एकत्र हुए हैं और बेहद खुश हैं कि राम मंदिर निर्माण के लिए 500 साल का संघर्ष आज समाप्त हो गया है।



**सुरत भूमि, सूरत। सूरत के प्रसिद्ध उद्योगपति श्री दिनेश कुमार पांडेय डायरेक्टर ( डी टी ट्रेंड्ज़ प्राइवेट लिमिटेड ग्रुप ऑफ दिनेश टेक्सटाइल ) के द्वारा प्रभु श्री रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में चाँदी की चरण पादुका अर्पित करके इस महोत्सव में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त किया।**

# बोनलोन इंडस्ट्रीज लगाएगी एल्युमिनियम प्लांट तलोजा में लगेगी परियोजना

**मुंबई।**

कॉपर वायर बनाने वाली कंपनी बोनलोन इंडस्ट्रीज लिमिटेड अब एल्युमिनियम रॉड और इंगट्स निर्माण की परियोजना लगा रही है। बीएसई में लिस्टेड बोनलोन इंडस्ट्रीज अपना नया आधुनिक एल्युमिनियम प्लांट महाराष्ट्र के तलोजा एमआईडीसी में लगाएगी. जिसकी शुरूआत में वार्षिक उत्पादन क्षमता 75 हजार टन होगी। इस प्लांट एल्युमिनियम स्क्रैप से रॉड, वायर और इंगट्स बनाए जाएंगे, जिनकी विभिन्न क्षेत्रों में मांग बढ़ रही है।

कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, नए एल्युमिनियम प्लांट के लिए तलोजा में जगह ले ली गयी है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा. इस नए प्लांट में वित्त वर्ष 2024-25 से ही उत्पादन शुरू करने की योजना है. नया प्लांट 4 से 5 प्रतिशत शुद्ध लाभ मार्जिन के साथ कंपनी के कारोबार में सालाना 200 से 250 करोड़ रुपए का योगदान देगा. अरूण कुमार जैन फैमिली द्वारा प्रमोट बोनलोन इंडस्ट्रीज 25 साल पुरानी कंपनी है, जो मुख्यत: कॉपर वायर और रॉड का निर्माण करती है। बोनलोन में प्रमोटर समूह की 64 प्रतिशत हिस्सेदारी है.



बोनलोन ग्रुप की यह कंपनी कॉपर वायर निर्माण के साथ फेरस और नॉन-फेरस मेटल के व्यापार, होटल बिजनेस और सिविल कंस्ट्रक्शन के क्षेत्र में भी कार्यरत है। विभिन्न उद्योग क्षेत्रों में कॉपर वायर और रॉड की बढ़ती मांग के कारण पिछले तीन वर्षों में इसका कारोबार 135 करोड़ से करीब 4 गुना बढ़कर 511 करोड़ रुपए हो गया है. हालांकि कॉपर कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव आने और ट्रेडिंग आय अधिक होने से लाभ मार्जिन कम रहा है। लेकिन अब लाभप्रदता बढ़ाने के लिए कंपनी मैन्युफैक्चरिंग पर फोकस बढ़ा रही है। जिससे आगामी वित्त वर्ष में 680 करोड़ रुपए का कारोबार और 10 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ होने की उम्मीद है।

# 75वें गणतंत्र दिवस के मौके पर लौट आई है फ्लिपकार्ट की 'क्राफ्टेड बाय भारत' समर्थ सेल

**बेंगलुरु।** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने आज अपने फ्लैगशिप सेल इवेंट 'क्राफ्टेड बाय भारत' के सातवें संस्करण का एलान किया है। भारत के 75वें गणतंत्र दिवस के मौके पर 26 जनवरी, 2024 को सेल आयोजित की जाएगी। यह विशेष सेल इवेंट भारत की संस्कृति एवं समृद्ध विरासत को समर्पित उत्सव है, जिसमें देशभर से प्रतिष्ठित ब्रांड्स के हैंडलूम एवं हैंडीक्राफ्ट की विविध रेंज प्रदर्शित की जाएगी।

भारत की विविधतापूर्ण सांस्कृतिक विरासत का उत्सव मनाते हुए इस इवेंट में कला के कई पारंपरिक स्वरूपों जैसे बंगाल से तांत, बिहार से भागरपुरी, आंध्र प्रदेश से कलमकारी, छत्तीसगढ़ से डोकरा, मध्य प्रदेश से गोंड और 300 अन्य कलाओं को प्रदर्शित किया जाएगा। शॉपिंग के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए फ्लिपकार्ट च्क्राफ्टेड बाय भारतज् सेल इवेंट के लिए अपने प्लेटफॉर्म पर एक डेडिकेटेड स्टोरफ्रंट बनाएगा, जिस पर विशेष रूप से महिला सेलर्स के उत्पादों पर जोर दिया जाएगा। इसका उद्देश्य मार्केटप्लेस में महिला उद्यमियों के अनूठेपन और उनकी रचनात्मकता को सम्मान देना है। इसके अलावा, इस साल पिछले साल की तुलना में 250 से ज्यादा नए सेलर्स जोड़े गए हैं, जिससे ग्राहकों को उत्पादों में ज्यादा विविधता देखने को मिलेगी।

इस इवेंट में देश के विभिन्न क्षेत्रों से स्थानीय कारोबारियों के साथ-साथ कई सरकारी एवं निजी ब्रांड भी सक्रिय सहभागिता दिखाएंगे, जिससे 17.6 लाख से ज्यादा आजीविकाओं पर सकारात्मक रूप से प्रभाव पड़ेगा। लाखों कारीगरों, बुनकरों, दिव्यांगजनों, स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) से जुड़ी महिलाओं, एनजीओ और फ्लिपकार्ट समर्थ प्रोग्राम से जुड़े सरकारी एंपोरियम्स की भागीदारी से समावेश को बढ़ावा देने के प्रति फ्लिपकार्ट की प्रतिबद्धता की झलक दिखती है। टियर-2 एवं टियर-3 शहरों और शहरी केंद्रों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक विविध समुदाय इस इवेंट की सांस्कृतिक विविधता में योगदान देंगे और अपने अनूठे उत्पाद प्रदर्शित करेंगे। ग्राहकों को प्रोडक्ट्स की विविध रेंज पर विभिन्न ऑफर मिलेंगे, जहां उन्हें भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को अपना समर्थन देने और इससे जुड़ने का मौका मिलेगा।

इस इवेंट से मिलने वाले मौके को लेकर फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार ने कहा, 'हम गणतंत्र दिवस मना रहे हैं और इस अवसर पर अपने फ्लिपकार्ट समर्थ पार्टनर्स को उनके विविध उत्पाद प्रदर्शित करने के लिए प्लेटफॉर्म प्रदान करने और इस सेल इवेंट के दौरान हमारे 50 करोड़ से ज्यादा ग्राहकों को समृद्ध भारतीय संस्कृति से जुड़ने का मौका देने की हमें खुशी है। सातवें संस्करण के साथ हम स्थानीय कारीगरों, बुनकरों, हस्तशिल्पियों, स्वयं सहायता समूहों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की विकास एवं समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए संकल्पबद्ध हैं। इस गणतंत्र दिवस पर 'क्राफ्टेड बाय भारत' को गहरी सांस्कृतिक कहानियों से जुड़े अनूठे उत्पादों और विभिन्न क्षेत्रों के हाथों से बुने उत्पादों को प्रदर्शित करने के हिसाब से तैयार किया गया है, जिससे भारत की विरासत का अनुभव होगा। भविष्य में भी कारीगरों, बुनकरों, महिला उद्यमियों और एमएसएमई को लाभ पहुंचाने के लिए इस प्रकार के कई अवसर उपलब्ध कराना हमारा उद्देश्य है।'

# टाटा कैपिटल ने कॉमर्शियल व्हीकल लोन्स के लिए तत्काल डिजिटल मंजूरी शुरू की

टाटा ग्रुप की वित्तीय सेवा शाखा, टाटा कैपिटल ने अपने कॉमर्शियल व्हीकल लोन्स ग्राहकों के लिए तत्काल डिजिटल ऑन बोर्डिंग के लिए उद्योग की पहली पहल शुरू की है। तत्काल ऋण निर्णय लेने की क्षमता वाली यह यात्रा ग्राहकों को तत्काल वित्तपोषण समाधान प्रदान करेगी। यह एसएमई ग्राहकों के लिए विशेष रूप से तैयार की गई पेशकशों के मौजूदा ग्रुप में नवीनतम वृद्धि है। इस लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, टाटा कैपिटल के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर -डिजिटल × मार्केटिंग, अबोंटी बनर्जी ने कहा, "हमारा नवीनतम डिजिटल उत्पाद कॉमर्शियल व्हीकल लोन्स के हमारे एसएमई ग्राहकों को उनकी फंडिंग जरूरतों को त्वरित और निर्बाध तरीके से आसानी से पूरा करने का अवसर देगा। यह लगातार इनोवेटिव डिजिटल उत्पाद उपलब्ध कराने और ग्राहक यात्रा को बाधा रहित और सरल बनाने की हमारी रणनीति के अनुरूप है।"




इस सोल्यूशन की पेशकश करने के लिए, टाटा कैपिटल ने मेजर ओरिजिनल इक्विपमेंट मैन्युफेक्चरर्स (ओईएम) के साथ साझेदारी की है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ग्राहकों को नए कॉमर्शियल व्हीकल खरीदते समय व्यापक विकल्प मिले। यह एक "आसिस्टेड" जर्नी है जिसमें संबंध प्रबंधक प्रक्रिया के माध्यम से ग्राहकों की सहायता करते हैं। ग्राहक के समूह के बारे में प्रासंगिक जानकारी वाहन एपीआई का उपयोग करके सहजता से प्राप्त की जाती है, जिससे ग्राहक के लिए यह आसान हो जाता है। अंडरराइटिंग भी स्कोरकार्ड का उपयोग करके और न्यूनतम दस्तावेज के साथ की जाती है। ग्राहक को कुछ ही मिनटों के भीतर मंजूरी पत्र दे दिया जाता है।

# गुजरात में पर्यावरण संरक्षण के लिए एएम/एनएस इंडिया की पहल

**सुरत भुमि, सूरत ।** आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया (एएम/एनएस इंडिया) की सहायक कंपनी एएम/एनएस पोर्ट्स हजीरा लिमिटेडने वन्यजीव और मैंग्रोव संरक्षण प्रयासों का समर्थन करने के लिए गुजरात के वन विभाग को दो ट्रक प्रदान कि हैं। यह पहल पर्यावरण संरक्षण और इसके कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) लक्ष्यों के प्रति एएम/एनएस भारत की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। यह ट्रक, अधिकारीओ को डुमस रेंज के तटीय क्षेत्र में मैंग्रोव वृक्षारोपण स्थलों तक बेहतर ढंग से पहुंचने में सक्षम बनाएगा। साथ ही, संरक्षण और निगरानी को भी सरल करेंगा। साथ ही, ये वाहन जंगली जानवरों को रिहायशी इलाकों से बचाने में सहायक होंगे। मुकेश पटेल, माननीय राज्य मंत्री, वन और पर्यावरण, गुजरात सरकार, संदीप देसाई, माननीय विधायक, चोर्यासी, डॉ. के शशि कुमार, मुख्य वन संरक्षक, सचिन गुप्ता, उप मुख्य वन संरक्षक, डॉ. आनंद कुमार, उप मुख्य वन संरक्षक और अन्य सरकारी अधिकारियों की उपस्थिति में वन विभाग को वाहन प्रदान किए गए। इस अवसर पर गुजरात सरकार के वरिष्ठ अधिकारी और आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया के उच्च अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर, मुकेश पटेल, माननीय राज्यमंत्री, वन और पर्यावरण, गुजरात सरकारने कहा, "गुजरात सरकार पर्यावरण और वनों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। हम इस दिशा में अपनी गतिविधियों को और बढ़ाने के लिए एएम/एनएस इंडिया जैसे अग्रणी कॉरपोरेट्स के समर्थन का स्वागत करते हैं।"



इसके अलावा, उन्होंने स्थानीय समुदायों के लिए कौशल विकास और रोजगार के लिए एएम/एनएस इंडिया द्वारा की गई पहल के साथ पारंपरिक रूप से पुरुषों द्वारा किए जाने वाले कार्यों जैसे क्रेन संचालन, सुरक्षा मार्शल आदि में महिलाओं को प्रशिक्षण देने के लिए एएम/एनएस इंडिया की सराहना की। डॉ. अनिल मटू, प्रमुख - एचआर ऑपरेशंस, आईआर और एडमिनिस्ट्रेशन, एएम/एनएस इंडियाने कहा, "एएम/एनएस इंडिया में हम सस्टेनिबल प्रथाओं को अपनाने और पर्यावरण के संरक्षण में सक्रिय योगदान देने के लिए समर्पित हैं। पहल की एक श्रृंखला के माध्यम से, हम पर्यावरण सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा और कौशल विकास, आजीविका और बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों में हमारे सीएसआर प्रयासों के साथ ऐसी कई गतिविधियों को सरेखित करते है। "

# भारत के सबसे बड़े कोरुगेटेड पैकेजिंग मशीनरी एक्सपो का दिल्ली में 7-9 मार्च, 2024 तक विशेष आयोजन



कोरुगेटेड पैकेजिंग मशीनरी इंडस्ट्री के लिए समर्पित एक्सहिबिशन, कोरू पैक प्रिंट इंडिया एक्सपो 2024, का आयोजन नई दिल्ली में इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर में 7 मार्च से 9 मार्च तक किया जाएगा। यह आयोजन इंडियन पेपर कोरुगेटेड एंड पैकेजिंग मशीनरी मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईसीपीएमए) और फ्यूचरएक्स ग्रुप द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। यह भारत के प्रमुख कोरुगेटेड पैकेजिंग मशीनरी एसोसिएशन द्वारा आयोजित एकमात्र एक्सहिबिशन है। हितेश नागपाल, प्रेसिडेंट, आईसीपीएमए, ने कोरुगेशन सेगमेंट की पूर्ति के लिए एक विशेष कार्यक्रम के रूप में कोरू पैक प्रिंट इंडिया के अद्वितीय महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि यह एक्सहिबिशन कोरुगेटेड पैकेजिंग मशीनरी मैन्युफैक्चरर्स को एक साथ लाने का एसोसिएशन का अपनी तरह का पहला प्रयास है। आईसीपीएमए की स्थापना भारत के पहले पेपर कोरुगेटेड और पैकेजिंग मशीनरी मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के रूप में वर्ष 2014 में नई दिल्ली में की गई थी, यह तब से ही अपने क्षेत्र में खुद को एक प्रेरक शक्ति के रूप में साबित कर रहा है। यह एक आधुनिक और गतिशील मंच है, जो उन भारतीय मैन्युफैक्चरर्स को महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है, जो वैश्विक स्तर पर कोरुगेटेड पैकेजिंग मशीनरी व्यवसाय से जुड़े हुए हैं।

नमित गुप्ता, डायरेक्टर, फ्यूचरएक्स ग्रुप, ने कहा, "यह एक्सहिबिशन नवाचार और व्यावसायिक कौशल के रणनीतिक मिश्रण को उजागर करता है। हमारा लक्ष्य इंडस्ट्री लीडर्स को एक साथ लाकर, सार्थक सहयोग के लिए उपजाऊ जमीन बनाना, तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देना और कोरुगेटेड पैकेजिंग मशीनरी इंडस्ट्री को नई ऊँचाइयों पर ले जाना है।"

अपनी चर्चा के दौरान हितेश जी ने यह भी बताया कि देश में कोरुगेटेड इंडस्ट्री के तकनीकी परिदृश्य को आगे बढ़ाने में एसोसिएशन किस प्रकार योगदान देता है, साथ ही इसके सदस्यों की सक्रिय भागीदारी को भी रेखांकित किया। इसके बाद उन्होंने अपने सदस्यों के विकास को बढ़ावा देने के लिए एसोसिएशन के दृष्टिकोण पर बात की, क्योंकि एसोसिएशन इसके प्रत्येक भागीदार को अपने व्यवसाय को बेहतर बनाने में योगदान देना सुनिश्चित करता है। अपने सहयोगात्मक प्रयासों और निरंतर रूप से नवाचार को अपनाने के माध्यम से आईसीपीएमए का उद्देश्य देश की कोरुगेटेड इंडस्ट्री की तकनीकी शक्ति को बढ़ावा देना है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, सम्पादकः संजय रमाशंकर मिश्रा द्वारा ११४, न्यू प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेन्ट, डिंडोली, उधना, सुरत ( गुजरात ) प्रिन्टर्स- भूनेश्वरा प्रिन्टर्स, प्लाट नं. 29, परमानन्द इण्डस्ट्रीयल सोसायटी, चौकसी मील के पास, उधना मगदल्ला रोड़ ( गुजरात ) से मुद्रित एवं ११४, न्यू प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेन्ट, डिंडोली, उधना, सूरत ( गुजरात ) से प्रकाशित। कार्यालय फोनः 0261-2274271, ( न्यायिक क्षेत्र सूरत रहेगा )